वर्ष : 33 ▸ अंक : 37 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




# गर्मी का कहर शुरू

- अगले पांच दिनों तक पूर्वी भारत पर रहेगा भीषण गर्मी का प्रकोप
- ओडिशा में 15 अप्रैल से और पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले इलाकों में 17 अप्रैल से लू की स्थिति
- मौसम विभाग ने कहा- पूरे महीने जमकर पड़ेगी गर्मी, लू बढ़ाएगी परेशानी

**राजस्थान, मध्यप्रदेश, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ में बरस रही है आग**

**अमित बृज । नई दिल्ली**

अगले पांच दिनों तक पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को इसकी पुष्टि की है। विभाग के अनुसार पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड और बिहार के कुछ हिस्सों में इस महीने दूसरी बार लू चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, ओडिशा में 15 अप्रैल से और पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले इलाकों में 17 अप्रैल से लू की स्थिति बनी हुई है। एमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, ओडिशा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और झारखंड के कुछ हिस्सों में लू की गंभीर स्थिति की आशंका है। दिल्ली से बिल्कुल सटे यूपी के बुलंदशहर में तापमान 44 डिग्री को छू गया है। राजस्थान, मध्यप्रदेश, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ में आग बरस रही है।

### पूर्वी मध्य प्रदेश में रात का तापमान काफी अधिक रहने की आशंका

मौसम विभाग ने कहा कि नमी बढ़ने से तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, गोवा, केरल, पश्चिम बंगाल और बिहार के लोगों को असुविधा हो सकती है। पूर्वी मध्य प्रदेश में 22 अप्रैल और 23 अप्रैल को रात का तापमान काफी अधिक रहने की आशंका है। रात के उच्च तापमान को खतरनाक माना जाता है क्योंकि शरीर को ठंडा होने का मौका नहीं मिलता है। शहरों में यह स्थिति और अधिक दिखती है।

### क्या कहा मौसम विभाग ने ?

मौसम विभाग के अनुसार, लू की स्थिति तब बनती है जब अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय क्षेत्रों में 37 डिग्री और पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री तक पहुंच जाता है या सामान्य से तापमान कम से कम 4 .5 डिग्री अधिक हो जाता है। सामान्य तापमान से 6 .4 डिग्री से अधिक होने पर भीषण लू की स्थिति बन जाती है।

### अल नीनो की स्थिति के कारण अत्यधिक गर्मी

आईएमडी ने कमजोर अल नीनो की स्थिति के कारण अप्रैल-जून की अवधि के दौरान अत्यधिक गर्मी की चेतावनी दी थी। इसी अवधि में सात चरण के लोकसभा चुनावों के दौरान लगभग एक अरब लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना है, ऐसे में भीषण गर्मी पड़ने से चिंताएं बढ़ गई हैं। पहले चरण के चुनाव के लिए मतदान 19 अप्रैल को हुआ था। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। मौसम विभाग ने कहा है कि अप्रैल में देश के विभिन्न हिस्सों में लू के चार से आठ दिन होने की आशंका है, जबकि सामान्य रूप से यह स्थिति एक से तीन दिन तक रहती है। पूरे अप्रैल-जून की अवधि में सामान्य चार से आठ दिनों के मुकाबले दस से 20 दिनों तक हीटवेव वाले दिन होने की आशंका है।

### यहां 20 से भी अधिक दिनों तक हीटवेव

मध्य प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ, मराठवाड़ा, बिहार और झारखंड में लू के दिनों की अधिक संख्या का रह सकती है। कुछ स्थानों पर 20 से भी अधिक दिनों तक हीटवेव की स्थिति बनी रह सकती है। गर्मी बढ़ने से बिजली ग्रिड पर भी दबाव बढ़ सकता है, जिस कारण इससे जुड़ी समस्याएं भी पैदा हो सकती है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

## पीएम मोदी का कांग्रेस पर लगातार हमला करना समझदारी वाला फैसला नहीं : शरद पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से कांग्रेस पर लगातार हमला किया जाना 'समझदारी वाला फैसला' नहीं है क्योंकि पार्टी सत्ता में नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विपक्षी दलों की आलोचना करते रहते हैं, लेकिन भविष्य को लेकर अपनी सरकार या भाजपा की योजनाओं पर चर्चा नहीं करते। पवार ने कहा, ''कांग्रेस पार्टी कुछ समय से सत्ता में नहीं है। लेकिन मोदी उस पर हमला करते रहते हैं और इसे देश के विकास में बाधा डालने वाली दीवार करार देते हैं। यह एक बुद्धिमानी पूर्ण निर्णय नहीं है। सिर्फ इसलिए कि कुछ दल विपक्ष में हैं इसका मतलब यह नहीं है कि प्रमुख मुद्दों पर उन्हें विश्वास में नहीं लिया जाना चाहिए।'

## आ रहा जल-प्रलय, सैटेलाइट तस्वीरों से ISRO ने खोला राज

**नई दिल्ली।** सदियों से हिमालय भारत का सिरमौर रहा है। यह भारत का प्राकृतिक प्रहरी रहा है, जलवायु विभाजक भी है। साइबेरिया से आने वाली ढंडी बयारों को रोककर भारत में एक अलग जलवायु तंत्र बनाने वाला भी रहा है लेकिन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की नई रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि जल्द ही उत्तर का यह मस्तक और प्रहरी देश में प्रलय मचा सकता है। हिमालय को बड़े-बड़े ग्लेशियर और बर्फ के विशाल टीलों की वजह से तीसरा ध्रुव भी कहा जाता है। इसरो ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हिमालय के ये ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। इसरो ने सोमवार को कहा कि दशकों की उपग्रह इमेजरी का विश्लेषण करने वाले नए शोध से पता चला है कि भारतीय हिमालय क्षेत्र में ग्लेशियर खतरनाक दर से पिघल रहे हैं, जिससे हिमालयी इलाके में बने हिमनदीय झीलों का विस्तार हो रहा है।

## यूरोप जाने वालों के लिए खुशखबरी, शेनजेन वीजा को नियमों में ढील

**नई दिल्ली।** विदेश में छुट्टी मनाने या फिर घूमने जाने वालों के लिए एक खुशखबरी है। यूरोपीय यूनियन ने भारतीयों के लिए शेनजेन वीजा को नियमों में काफी ढील दी है। जानकारी के मुताबिक भारतीयों के वीजा की वैलिडिटी 5 साल तक हो सकती है। हालांकि अमेरिका पहले से ही 10 साल का विजिटर वीजा देता है। वहीं शेनजेन वीजा पर यूरोप जाने वालों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था। अगर लोगों को लंबे समय तक यूरोप के 27 में से किसी भी देश में रुकना पड़ता था तो बार-बार वीजा रिन्यू करवाने की टेंशन रहती थी।

### मौसम

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| मुंबई | 36.0-29.0 | 51% |

सूर्यास्त मंगलवार 06:58 बजे
सूर्योदय बुधवार 06:15 बजे

# घोषणापत्र पर दंगल

## 'चुनावी रैलियों में दावों पर अब सीधी बात करेंगे खड़गे'


### PM मोदी से मांगा टाइम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कांग्रेस के मैनिफेस्टो पर लगातार विवाद हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा नेता कांग्रेस मैनिफेस्टो को मुस्लिम लीग का मैनिफेस्टो बता रहे हैं। अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का वक्त मांगा है, ताकि उन्हें मैनिफेस्टो को लेकर जानकारी दे सकें। वहीं, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि मैनिफेस्टो की प्रतियां हमारे पार्टी नेताओं और लोकसभा उम्मीदवारों की तरफ से प्रधानमंत्री को भेजी जाएंगी। कांग्रेस ने ये भी कहा कि पार्टी चुनाव आयोग में एक लाख लोगों के दस्तखत कराकर एक याचिका भी दायर करेगी।

### मोदी ध्रुवीकरण की कोशिश कर रहे

वेणुगोपाल के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने जो कहा, वह हमारे मैनिफेस्टो में नहीं है। वे वोटों के लिए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश कर रहे हैं। क्या चुनाव आयोग ने उन्हें (पीएम को) बात पर झूठ बोलने की अनुमति दी है। जब चुनाव आयोग हर बात पर हस्तक्षेप करता है तो इस मुद्दे पर खामोश क्यों है? आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए।



### मोदी ने कहा था- कांग्रेस संपत्ति ज्यादा बच्चे वालों को बांट देगी

मोदी ने 21 अप्रैल को राजस्थान के बांसवाड़ा में रैली की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि अगर कांग्रेस की सरकार बनेगी तो हरेक की प्रॉपर्टी का सर्वे किया जाएगा। हमारी बहनों के पास कितना सोना-चांदी है, इसकी जांच की जाएंगी। ये संपत्ति सबको समान रूप से बांट दी जाएगी। क्या आपकी संपत्ति को सरकार को हैक करने का अधिकार है क्या। क्या आपकी मेहनत करके कमाई गई संपत्ति को सरकार को ऐंठने का अधिकार है। पीएम ने ये भी कहा कि मेरी माताओं-बहनों की जिंदगी में सोना सिर्फ शो करने के लिए नहीं होता। उसके स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है। उनका मंगलसूत्र सोने की कीमत का मुद्दा नहीं है, उसके जीवन के सपनों से जुड़ा है, आप घोषणा पत्र में छीनने की बात कर रहे हो।

# अजित पवार ने किया घोषणापत्र जारी

## यशवंतराव चव्हाण के लिए 'भारत रत्न' की मांग करेगी पार्टी

### जाति आधारित जनगणना और किसानों के लिए MSP का वादा

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

NCP अजित पवार खेमा ने एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और डिप्टी सीएम अजित पवार की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया। एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि उनके घोषणापत्र का एजेंडा समावेशी और प्रगतिशील विकास पर आधारित है। पटेल ने कहा कि उन्होंने एनडीए के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन से हाथ मिलाया है, लेकिन आंबेडकर की अपनी विचारधारा से समझौता नहीं किया है। कांग्रेस के साथ पिछले गठबंधन में अधिक सीटें जीतने के बाद भी अजित पवार को मुख्यमंत्री पद नहीं मिला। अपने घोषणापत्र में एनसीपी ने यह सुनिश्चित किया है कि वह महाराष्ट्र के पहले मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण के लिए 'भारत रत्न' की मांग करेगी।




### महाराष्ट्र में किसी एक पार्टी को क्यों नहीं मिलता बहुमत?

हाल में अजित पवार ने महाराष्ट्र की राजनीति की रियलिटी आजतक के साथ बातचीत में सामने रखने की कोशिश की। उन्होंने कहा है कि महाराष्ट्र ने 1985 के बाद राजनैतिक रूप से ऐसी स्थिति कभी नहीं बनने दी, जिसकी वजह से किसी एक पार्टी या किसी एक नेता की पूरे राज्य में चले या वे अपने बलबूते सरकार बना ले। उनसे पूछा गया था कि जिस तरीके से नीतीश कुमार, मायावती, अखिलेश, जयललिता, स्टालिन, केजरीवाल इन लोगों ने अपने बलबूते पर अपने प्रांतों या राज्यों में सरकारें बनाई। उस तरीके से महाराष्ट्र में क्या यहां की राजनीतिक पार्टियां विपक्ष के रूप में काम करने में सक्षम नहीं है, जिसकी वजह से महाराष्ट्र में किसी एक पार्टी की सरकार नहीं बन पाई? इस पर अजित पवार का कहना था कि महाराष्ट्र का वोटर अलग तरीके से सोचता है। महाराष्ट्र में हर इलाका अलग तरीके से सोचता है, जिसकी वजह से किसी एक पार्टी की सरकार अब तक नहीं बन पाई है। एक तरीके से उनकी तरफ से ये मैसेज देने की कोशिश की जा रही है। ये बीजेपी के साथ जाने में उनकी भूमिका को एक्सप्लेन करने की कोशिश है, जिसे महाराष्ट्र की पॉलिटिकल रियलिटी के आधार पर पेश कर रहे हैं।

### 'हमने अपनी विचारधारा नहीं छोड़ी'

दिलचस्प बात यह है कि अजित पवार कहते हैं कि भले ही हम महायुति में शामिल हो गए हैं, लेकिन हमने अपनी विचारधारा नहीं छोड़ी है। हम मिसाल के तौर पर मायावती, ममता बनर्जी, चंद्रबाबू नायडू, जयललिता और फारूक अब्दुल्ला को देख सकते हैं। मुस्लिम समुदाय पर पीएम मोदी के बयान पर विवाद के बाद एनसीपी नेताओं के बयान को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# राज ठाकरे को हाई कोर्ट से बड़ी राहत

## भड़काऊ भाषण मामला : सबूतों के अभाव में केस खारिज

**दोपहर संवाददाता । औरंगाबाद**

भड़काऊ भाषण मामले में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे को सोमवार को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बॉम्बे हाई कोर्ट की औरंगाबाद बेंच ने सबूतों के अभाव के चलते इस केस को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि भड़काऊ भाषण और उकसावे को लेकर कोई सबूत नहीं है। राज ठाकरे के वकील राजेंद्र शिरोडकर और सयाजी नांगरे ने अदालत को बताया कि जिस समय यह घटना हुई उस समय मनसे नेता घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे बल्कि जेल में थे।

### 16 साल पुराना है यह मामला



यह मामला 16 साल पुराना है। इस मामले में निचली अदालत ने राज ठाकरे को बरी करने की याचिका को खारिज कर दिया था। जिसके बाद अदालत के फैसले को राज ठाकरे ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले पर सुनवाई करते हुए औरंगाबाद बेंच ने कहा कि निचली अदालत महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझने में विफल रही, जिसके चलते उसने राज ठाकरे को आरोपमुक्ति की याचिका को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि यह मामला मामला 21 अक्टूबर 2008 का है। इस दौरान राज ठाकरे ने आरोप लगाया था कि बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रवासी श्रमिकों ने महाराष्ट्र में लोगों से नौकरियां छीन ली हैं। साथ ही ठाकरे पर पार्टी के कार्यकर्ताओं को उकसाने का भी मामला दर्ज हुआ था। दरअसल, राज ठाकरे के कथित भाषण के बाद मनसे कार्यकर्ताओं ने मुंबई में रेलवे प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले कुछ उत्तर भारतीय उम्मीदवारों की पिटाई की थी।


**महाराष्ट्र से सामने आया अनोखा मामला**

# वोट देने पहुंचे शख्स को कहा गया- तुम मर चुके हो, वोट नहीं डाल सकते

**दोपहर संवाददाता । नागपुर**

महाराष्ट्र के नागपुर सहित पूरे विदर्भ में पहले चरण की वोटिंग के दौरान वोट प्रतिशत काफी कम रहा है। इस बीच एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान है। दरअसल एक शख्स जब यहां वोट डालने के लिए पहुंचा तो उसे कहा गया कि वोटर लिस्ट के अनुसार उसकी मौत हो चुकी है, इसलिए वह वोट नहीं डाल सकता।

### क्या है पूरा मामला?




दरअसल इस शख्स को वोटर लिस्ट में मरा हुआ घोषित किया जा चुका था। ऐसे में जब वह वोट डालने के लिए वोटर केंद्र पहुंचा तो उसे कहा गया कि सूची के अनुसार आपकी मौत हो चुकी है। इसके बाद उन्होंने डीएम ऑफिस में संपर्क किया तो अधिकारियों ने कहा कि हम इस मामले को देखेंगे। हो सकता है कि ये किसी कर्मचारी की गलती की वजह से हुआ हो। अधिकारियों ने ये भी कहा कि अभी हम कुछ नहीं कर सकते। अगली बार इसे अपडेट करवा लेना। पीड़ित शख्स सुरेश उर्फ छोटू बैतागे अपने वोट का इस्तेमाल नहीं कर पाया। शख्स ने बताया कि 2018 में उनके भाई की मौत हुई थी तो उनके भाई के साथ उनका नाम भी वोटर लिस्ट से हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि वोटर केंद्र पर वह चिल्लाते रहे कि वह जीवित हैं, उनके पास पहचान पत्र और वोटर कार्ड भी है लेकिन वह वोट नहीं डाल सके।

**जांच** › हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में बैन के बाद भारत सरकार का एक्शन

# जांचे जाएंगे MDH-एवरेस्ट समेत अन्य मसालों के सैंपल

**मुनीब चौरसिया । नई दिल्ली**

हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में MDH और ऐवरेस्ट के चार मसालों की सेल पर बैन के बाद अब भारत सरकार ने फूड कमिश्नर्स से इनके सैंपल कलेक्ट करने को कहा है। मीडियो रिपोर्ट्स में इस बात की जानकारी दी गई है। दोनों कंपनियों के इन प्रोडक्ट्स में कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की ज्यादा मात्रा होने के कारण इन्हें बैन किया गया था। इन प्रोडक्ट्स में इस पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है। हॉन्गकॉन्ग के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने कहा था कि MDH ग्रुप के तीन मसाला मिक्स- मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा पाई गई है। एवरेस्ट के फिश करी मसाला में भी यह कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड पाया गया है।




### तीन-चार दिनों में सैंपल कलेक्ट हो जाएंगे, 20 दिनों में लैब रिपोर्ट

सरकारी सूत्रों ने कहा, 'देश के सभी फूड कमिश्नर्स को इस मामले को लेकर अलर्ट कर दिया गया है। मसालों के सैंपल कलेक्शन की प्रोसेस शुरू कर दी गई है। तीन से चार दिनों में MDH और ऐवरेस्ट समेत देश की सभी कंपनियों की मसाला मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स से सैंपल्स कलेक्ट कर लिए जाएंगे। इनकी लैब रिपोर्ट करीब 20 दिनों में आएगी।'

### हानिकारक तत्व होने पर होगी सख्त कार्रवाई

भारत में फूड आइटम्स में एथिलीन ऑक्साइड के इस्तेमाल पर बैन है। भारतीय मसालों में हानिकारक तत्व पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आपराधिक कार्यवाही का भी प्रावधान है। सरकार ने मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तहत स्पाइस बोर्ड से अपील की है कि वह जागरूकता फैलाए कि उत्पादों में कोई हानिकारक तत्व नहीं मिलाया जाना चाहिए।

### पहले भी होती रही है सैंपलों की टेस्टिंग

सूत्रों ने ये भी कहा कि वे हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर की घटनाओं से पहले भी सैंपलों की टेस्टिंग कर रहे थे और दावा किया कि अब तक, भारतीय बाजार में उपलब्ध विभिन्न ब्रांडों के मसालों में कोई हानिकारक तत्व नहीं पाए गए हैं। यह सैंपल लेने की एक सतत प्रक्रिया है। इस बार हम पहले जो भी सैंपल ले रहे थे, उससे कहीं अधिक तेजी और अधिक संख्या में सैंपल लेंगे।

### कीटनाशक है एथिलीन ऑक्साइड, इससे कैंसर का खतरा

स्पाइस बोर्ड एथिलीन ऑक्साइड को 10 .7 सेल्सियस से ऊपर के तापमान पर ज्वलनशील, रंगहीन गैस के रूप में परिभाषित करता है। यह कीटाणुनाशक, स्टरलाइजिंग एजेंट और कीटनाशक के रूप में काम करता है। इसका इस्तेमाल चिकित्सा उपकरणों को स्टरलाइज करने और मसालों में माइक्रोबियल कंटेमिनेशन को कम करने के लिए किया जाता है।

# सपा के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी बदलेंगे पाला!

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**


लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। इस बीच महाराष्ट्र की सियासत से जुड़ी बड़ी खबर आ रही है। राजनीति हलकों में चर्चा है कि समाजवादी पार्टी (सपा) के महाराष्ट्र इकाई के मुखिया अबू आजमी जल्द ही पाला बदलेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक, सपा के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी लोकसभा चुनाव के बीच एनसीपी (अजित पवार) का दामन थाम सकते है। ऐसे में मुंबई में अजित दादा और महायुति का दमखम बढ़ना तय है। महायुति में शिवसेना (एकनाथ शिंदे), बीजेपी और एनसीपी (अजित पवार) शामिल है। रविवार देर रात एनसीपी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल और अबू आजमी ने मुंबई में बैठक की। खबर है कि



इसी बैठक में आजमी के अजित दादा की पार्टी में शामिल होने का अंतिम फैसला लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र में बीजेपी के एक बड़े नेता अबू आजमी की एंट्री महायुति गठबंधन में कराने का प्रयास कर रहे हैं। दरअसल अबू आजमी बीजेपी में शामिल नहीं हो पाने के कारण एनसीपी में शामिल होने वाले हैं। अबू आजमी सपा के बड़े नेता है. वह मुंबई के मानखुर्द शिवाजी नगर से तीन बार के विधायक है।

# आव्हाड को जान से मारने की धमकी

## बिश्नोई गैंग ने दी धमकी



दोपहर संवाददाता | ठाणे


बिश्नोई गैंग की ओर से सोमवार को राकांपा (एसपी) पार्टी के नेता जीतेंद्र आव्हाड को रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले की शिकायत जीतेंद्र आव्हाड ने पुलिस से की है और पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

### क्या कहा आव्हाड ने ?

*जीतेंद्र आव्हाड ने पत्रकारों को बताया कि सोमवार दोपहर वे अपने घर में थे, तभी उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। इसमें वह खुद को बिश्नोई गैंग का शार्प शूटर बताते हुए फोन पर बात करने लगा।*

*उसने यह भी बताया कि उसका नाम रोहित गोदारा है और वह ऑस्ट्रेलिया से कॉल कर रहा है। इसके अलावा, उसने यह कहकर फिरौती की मांग की कि उसने सलमान खान के घर पर गोलीबारी की थी। अगर रंगदारी नहीं मिली तो तुम्हें नुकसान होगा, इसके लिए कफन खरीद लो। बताया जा रहा है कि रोहित गोदरा राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामड़ी की हत्या के मामले में आरोपित है।*

*इस मामले की छानबीन पुलिस कर रही है।*



### पुलिस सतर्क

दरअसल पिछले सप्ताह बिश्नोई गैंग के दो बदमाशों ने फिल्म अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के सामने हवाई फायरिंग की थी। इस मामले में दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की गहन छानबीन जारी है। अब फिर से जीतेंद्र आव्हाड को मिली धमकी से पुलिस महकमा सतर्क हो गया है।

# महाराष्ट्र में आग लगने की 3 घटनाएं

दोपहर संवाददाता | रत्नागिरी



महाराष्ट्र के नासिक, पुणे और रत्नागिरी जिले में तीन अलग-अलग स्थानों पर सोमवार को सुबह आग लगने की घटनाएं हुई हैं। फिलहाल, फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने का काम कर रही है। समाचार लिखे जाने तक इन घटनाओं में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

**नासिक :** सोमवार को सुबह करीब सात बजे पुराने नासिक इलाके में स्थित एक घर और गोदाम में आग लग गई। इस घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया । इस घटना में 50 से ज्यादा दोपहिया वाहन जल गए लेकिन जानी नुकसान नहीं हुआ है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर कूलिंग का काम कर रही है।

**पुणे :** इसी तरह पुणे के मशहूर भोरी अली स्थित रामसुख चेंबर्स नामक तीन मंजिला इमारत में आज सुबह करीब 5 बजे अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियां पहुंचीं और आग बुझाने का काम जारी है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन इमारत के कई घरों के सामान जल गए हैं।


**रत्नागिरी :** इसी तरह रत्नागिरी में मुंबई-गोवा हाइवे पर लांजा इलाके में पेट्रोल पंप के पास आज सुबह एक टेंपो में अचानक आग लग गई। इस घटना से हाइवे पर जाम लग गया। बताया जा रहा है कि टेंपो गोवा की ओर जा रहा था। इस घटना की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझा दी। इस घटना में भी कोई हताहत नहीं हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रकाश आंबेडकर ने पीएम और कांग्रेस पर साधा निशाना

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुस्लिम समुदाय को घुसपैठिया बताने को लेकर वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस पर निशाना साधा। आंबेडकर ने कहा कि



मुस्लिम समुदाय भारतीय मुसलमान घुसपैठिए नहीं हैं। वे हमारे विविधतापूर्ण, बहुलवादी और धर्मनिरपेक्ष देश के समान नागरिक हैं। प्रकाश आंबेडकर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत के मुसलमान घुसपैठिए नहीं हैं। वे हमारे विविधतापूर्ण, बहुलवादी और धर्मनिरपेक्ष देश के समान नागरिक हैं। हम सब नागरिक हैं। आंबेडकर ने कहा, आरएसएस-बीजेपी लगातार भेदभावपूर्ण नीतियों से भारत के मुसलमानों को मताधिकार से वंचित करने का प्रयास कर रही है, जबकि कांग्रेस भयावह चुप्पी साधे हुए है। इसका एक प्रमुख उदाहरण सीएए-एनआरसी है। गौरतलब है कि राजस्थान के बांसवाड़ा में रविवार को एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की गाढ़ी कमाई और संपत्ति "घुसपैठियों" तथा "ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले लोगों को देने की है। पहले जब उनकी (कांग्रेस) सरकार थी, उन्होंने कहा था की देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसका मतलब ये संपत्ति इकट्ठी करके किसको बांटेंगे?..जिनके ज्यादा बच्चे हैं उनको बांटेंगे। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस का घोषणापत्र ही कहता है कि वह देश की महिलाओं के सोने का हिसाब लेगी और फिर उस संपत्ति का बंटवारा करेगी।

### आठवले समूह के जिला अध्यक्ष राजू सोनावणे का निधन

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

पैंथर्स के समय से राजनीति और समाज में सक्रिय रहे उल्हासनगर में



आठवले समूह के पूर्व नगरसेवक, जिला अध्यक्ष राजू सोनवणे का निधन हो गया। गंभीर दिल का दौरा पड़ने के कारण उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। राजू सोनावणे 1997 में कैंप नंबर 3 के आनंद नगर से आठवले समूह के नगरसेवक चुने गए थे।

### सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को जमानत देने से किया इनकार

दोपहर संवाददाता | मुंबई

बांबे हाई कोर्ट ने 15 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार एक व्यक्ति को जमानत देने से इनकार कर दिया है। कहा कि गंभीर अपराधों के लिए मुकदमे में देरी जमानत देने का आधार नहीं हो सकती है। जस्टिस माधव जामदार की एकल पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि आरोपित पर गंभीर अपराध का आरोप है। इसलिए लंबे समय तक जेल में रहने के आधार पर जमानत देने का कोई मामला नहीं बनता है। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने सत्र अदालत को मामले की सुनवाई नौ महीने में पूरी करने का निर्देश दिया। आदेश की प्रति सोमवार को उपलब्ध कराई गई।

## संजय कदम की कार का हुआ एक्सीडेंट, बाल-बाल बचे

दोपहर संवाददाता | रायगढ़

शिवसेना ठाकरे के रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के संयोजक संजय कदम की कार का भयानक एक्सीडेंट हो गया है। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। यह दुर्घटना तब हुई जब मुंबई कुर्ला मार्ग पर यात्रा के दौरान संजय कदम की कार को एक आयशर ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। मिली जानकारी के मुताबिक मुंबई कुर्ला मार्ग पर आयशर ने संजय कदम की कार को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर में कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आयशर ट्रक को जब्त कर लिया है।



### मुंबई लौटते समय हुआ हादसा

*पुलिस के मुताबिक, संजय कदम रायगढ़ जिले के रोहा से चुनाव प्रचार बैठक पूरी कर मुंबई लौट रहे थे, तभी रास्ते में उनकी कार का भयानक एक्सीडेंट हो गया। कार को काफी नुकसान पहुंचा है। कार में सवार संजय कदम और अन्य लोग सुरक्षित हैं। भंडारा-गोंदिया जिले के पूर्व पालक मंत्री एवं भाजपा नेता डॉ. परिणय फुके की कार का कुछ दिन पहले भयानक एक्सीडेंट हो गया था। सौभाग्य से, परिणय फुके इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गए।*

## एम.डी. ड्रग्स के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता | नालासोपारा



नालासोपारा पूर्व के अलग-अलग क्षेत्र में एंटी नारकोटिक्स सेल और तुलिंज पुलिस ने 14 लाख से अधिक एम.डी.ड्रग्स की एक बड़ी खेप बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्तों के ऊपर नालासोपारा पुलिस स्टेशन और तुलिंज पुलिस स्टेशन ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की तहकीकात में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार,तुलिंज पुलिस स्टेशन ने गुप्त सूचना के आधार पर नालासोपारा पूर्व के प्रगति नगर,हाईटेंसन रोड स्थित एक 29 वर्षीय शख्स को एम.डी.ड्रग्स के साथ हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि,शख्स के पास से 53.69 ग्राम वजन एमडी ड्रग्स बरामद किया गया है,जिसकी कुल कीमत 5,36,900 रुपये आकी गई है। पुलिस ने कहा कि, शख्स उपरोक्त ड्रग्स बिक्री हेतु करने के लिए रखा था।

## चुनाव विशेष

# महाराष्ट्र में गृहमंत्री ने लाए बदलाव

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाविकास अघाड़ी सरकार के दौरान राज्य में अराजकता चरम पर थी। भ्रष्टाचार बढ़ रहा था, पुलिस अधिकारियों द्वारा ही जबरन वसूली की जा रही थी और तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे इस सब पर चुप थे। इससे पता चलता है कि वह भी कुछ मामलों में शामिल थे। पालघर में दो साधुओं की हत्या कर दी गई, जबकि अमरावती में उमेश कोल्हे नाम के एक हिंदू व्यक्ति की एक मुस्लिम व्यक्ति ने बेरहमी से हत्या कर दी। सरकार के खिलाफ बोलने पर एक पूर्व नौसेना अधिकारी की आंख फोड़ दी गई। सरकार के ख़िलाफ़ सवाल उठाना भी मुश्किल हो गया था। बेरोज़गारी बढ़ गई थी, सरकारी नौकरियाँ भरी नहीं जा रही थीं, इसलिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र भी निराश होने लगे थे। कुल मिलाकर राज्य की स्थिति काफी खराब हो गयी थी। लेकिन महाराष्ट्र को इससे बचाने के लिए देवेंद्र फड़णवीस चौबीसों घंटे काम कर रहे थे. परन्तु यह कार्य सफल नहीं हो सका। आख़िरकार उन्होंने अपना स्वार्थ नहीं देखा और केवल जनता के बारे में सोचते हुए मुख्यमंत्री पद से दूर रहकर सरकार बनायी और खुद गृह मंत्री बन गये।

### अपराध में कमी आई

देवेन्द्र फड़णवीस के गृह मंत्री का पद संभालने के बाद जनता के सामने यह स्पष्ट हो गया कि अपराध में कमी आई है। अपराध के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई से एक बार फिर लोगों को न्याय मिलने लगा। सरकारी पद भरे जाने लगे। पुलिस भर्ती भी की गई। महाराष्ट्र पुलिस बल को और अधिक सक्षम बनाया गया। उन्होंने 'ड्रग्स फ्री महाराष्ट्र' अभियान शुरू किया है जो युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य में कहीं भी दंगे नहीं भड़कने का कारण राज्य पर फड़णवीस की मजबूत पकड़ है।



### अपराध पर त्वरित कार्रवाई

*देवेन्द्र फड़णवीस ने न केवल महाराष्ट्र को बदल दिया बल्कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने राज्य में बढ़ते अपराध को खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई शुरू की। कुछ दिनों पहले अभिनेता सलमान खान के घर पर हुई गोलीबारी को संज्ञान में लेते हुए जैसे ही फड़णवीस ने कार्रवाई का आदेश दिया, 48 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एक गृह मंत्री कैसा होना चाहिए इसका अच्छा उदाहरण देवेन्द्र फड़णवीस हैं।*

# हनुमान जयंती को लेकर पुलिस सतर्क

- शहर में पुलिस ने आला अधिकारियों के साथ किया फ्लैग मार्च

दोपहर संवाददाता | विरार

भिवंडी। अतिसंवेदनशील शहर भिवंडी में हनुमान जयंती के अवसर पर निकलने वाले जुलूस को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर शहर में पुलिस ने चाकचौबंद इंतजाम किया है।इसके पूर्व संध्या पर पुलिस ने शांतिव्यवस्था के मद्देनजर शहर में फ्लैग मार्च किया।वही पुलिस ने शहर में सुरक्षा के खासा बंदोबस्त किया है। उक्त जानकारी भिवंडी परिमंडल दो के पुलिस उपायुक्त श्रीकांत परोपकारी ने दी है।

### जुलूस को लेकर शहर भर में चप्पे चप्पे पर पुलिस का खास इंतजाम



*भिवंडी में हनुमान जयंती का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया जाता है। मंगलवार को मनाए जाने वाले उक्त त्योहार के उपलक्ष्य में स्थानीय नेहरू नगर के हनुमान मंदिर से मार्कण्डेश्वर मंदिर तक झांकी व शोभायात्रा निकलता जाता है। इसी मार्ग पर नागिना मस्जिद व मदीना नामक दो मस्जिद भी है। इस क्षेत्र में हिंदू और मुस्लिम लोग संयुक्त रूप से रहते है। शाम के समय जब हनुमान जयंती की झांकी और शोभायात्रा कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए डीसीपी श्रीकांत परोपकारी ने शहर में सुरक्षा के खासा इंतजाम किया है। साथ ही शहर के हर मस्जिद व मंदिरों पर बड़े तादात में पुलिस बल को तैनाद किया गया है ताकि शहर में कोई अप्रिय घटना ना घटे। हनुमान जयंती की पूर्व संध्या पर कानून व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के लिए डीसीपी के नेतृत्व में सोमवार को शाम 6 बजे से 7.15 तक शहरभर के पुलिस कर्मियों व आला अधिकारियों ने रूट मार्च किया।यह मार्च शांतिनगर पुलिस स्टेशन से शुरू होकर नगीना मस्जिद से नेहरूनगर हनुमान मंदिर तक निकाला गया।*

# पत्नी की पत्थर से कूचकर ली जान

## पति के विवाहेतर संबंध का विरोध करना पड़ा महंगा

दोपहर संवाददाता | पालघर

महाराष्ट्र के पालघर में झगड़े के बाद अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने 44 वर्षीय एक ईंट भट्ठा मजदूर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार घटना शुक्रवार-शनिवार की रात मजदूर ने अपनी पत्नी की हत्या की थी। यह मामला वाडा तालुका के अंबिस्टे गांव की है। एजेंसी से मिली जानकारी के अनुसार पति-पत्नी में अक्सर घरेलू मुद्दों को लेकर झगड़ा होता रहता था। पत्नी पति के विवाहेतर संबंध को लेकर उसका विरोध करती थी। इस कारण दोनों के बीच विवाद होता था। साथ ही वह अपने पति के शराब पीने की आदत से परेशान थी।



### देर रात पत्थर से कूच-कूचकर मार डाला

वाडा पुलिस स्टेशन के सीनियर इंस्पेक्टर दत्ता किंडरे ने बताया कि झगड़े के बाद देर रात को आरोपी पति ने पत्थर से कूच-कूचकर 34 वर्षीय अपनी पत्नी की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया।

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

इसके बाद पुलिस ने आरोपी शख्स को पास के कुल्टे गांव से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पति पत्नी की हत्या के बाद भागने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर पांच दिन की रिमांड पर लिया है।

# विदेशी सस्ता ऑयल दिलाने के नाम पर व्यापारी से ठगी

## 4 लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी शहर के अशोक नगर में ठग बाजों की गैंग ने विदेश से सस्ता ऑयल दिलाने के नाम पर ठाणे के एक व्यापारी से एक करोड़ रूपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है।शांतिनगर पुलिस ने 4 ठगों पर चीटिंग का केस दर्जकर उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दिया है।





**ऐसे हुई ठगी :** पुलिस के अनुसार, ठाणे के रहने वाले तेल व्यापारी संदिप संगमलाल गुप्ता को विदेश से सस्ते दर में ऑयल दिलाने के लिए नाम पर कंबोडिया के रहने वाले आनंद देशाई, हैदराबाद निवासी मनमोहन नायडू वर्धा राठौड़, विकास, राज मेहता ने सस्ते दरों में विदेशी ऑयल दिलाने का वादा किया। उक्त लोगों ने कल्याण रोड़ स्थित अशोक नगर में अपना व्यवसायिक कार्यालय बताकर कंटेनर से ऑयल मांगने हेतु राज मेहता ने एजेन्ट के मार्फत कंबोडिया पैसा भेजने के नाम पर व्यापारी से एक करोड़ रुपया ले लिया। किन्तु कंटेनर के बारे में किसी प्रकार की जानकारी नही दी और पैसा लेकर फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में संदीप गुप्ता की शिकायत पर चारों लोगो पर आईपीसी की धारा 406,420,34 के तहत केस दर्ज कर किया है।जिसकी आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक संतोष तपासे कर रहे है।

**दोपहर एंकर** विरार-अलीबाग कॉरिडोर: सिर्फ डेढ़ घंटे में पूरा होगा सफर

# जल्द शुरू होगा विरार-अलीबाग कॉरिडोर का काम

दोपहर संवाददाता | विरार

पिछले कुछ सालों से विरार-अलीबाग कॉरिडोर चर्चा में है। इसे लेकर अहम अपडेट सामने आया है। बताया जा रहा है कि विरार-अलीबाग कॉरिडोर का काम लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के कुछ दिनों बाद शुरू हो सकता है। इस कॉरिडोर के निर्माण के बाद विरार-अलीबाग का सफर पांच घंटे की जगह सिर्फ डेढ़ घंटे में तय किया जा सकेगा।



### 14 कंपनियों ने कॉरिडोर के पहले फेज के निर्माण में रुचि दिखाई

देश की नामी 14 कंपनियों ने कॉरिडोर के पहले फेज के निर्माण में रुचि दिखाई है। विरार-अलीबाग कॉरिडोर के टेंडर की टेक्निकल बीड खुली गई है। कॉरिडोर के पहले फेज के 11 पैकेज के तैयार करने के लिए 14 कंपनियों ने 33 बोली भरी है। 126 किमी लंबे कॉरिडोर का निर्माण दो फेज में होना है। पहले फेज में करीब 98 KM और दूसरे फेज में करीब 29 KM लंबी सड़क का निर्माण होना है। आचार संहिता लागू होने की वजह से टेक्निकल बीड के बाद की आगे की प्रक्रिया को लोकसभा चुनाव के नतीजे जारी होने के बाद अंजाम दिया जाएगा।

### पालघर में जमीन अधिग्रहण का काम पूरा

एमएसआरडीए अधिकारी के मुताबिक, लोकसभा चुनाव के नतीजे जारी होने के बाद जून के अंत तक फाइनेंशियल बीड और टेंडर अलॉट करने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। सितंबर तक फिल्ड प्रोजेक्ट का काम शुरू होने की उम्मीद है। कॉरिडोर पालघर, ठाणे और रायगढ़ जिले से होकर गुजरने वाला है।

**रिंग रूट तैयार करने का प्लान :** विरार-अलीबाग कॉरिडोर तैयार कर सरकार एमएमआर में रिंग रूट तैयार करने की योजना पर काम कर रही है। इसके लिए एमएमआर की सभी जारी प्रोजेक्ट को एक दूसरे के साथ कनेक्ट करने का फैसला लिया है। इसके तहत विरार-अलीबाग कॉरिडोर, अटल सेतु, शिवड़ी-वर्ली कनेक्टर, वसई -भाईंदर ब्रिज, कोस्टल रोड, वर्सोवा-बांद्रा सी लिंक और बांद्रा-वर्ली सी लिंक समेत अन्य प्रोजेक्ट को कनेक्ट किया जाएगा। सभी प्रॉजेक्ट के पूरा होने से एमएमआर के हर हिस्से में तेजी से आसानी से पहुंचना संभव होगा। 126 किमी लंबे कॉरिडोर को मुंबई-अहमदाबाद, मुंबई-नाशिक, मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे, मुंबई-गोवा हाईवे, पनवेल-जेएनपीटी और अटल सेतु से कनेक्ट होगा। बता दें कि विरार-अलीबाग कॉरिडोर के लिए सरकार ने 11 साल पहले प्रस्ताव तैयार किया था, लेकिन किन्हीं वजहों से यह काम रुक गया था। हालांकि, अब कॉरिडोर का काम जल्द शुरू होने की संभावना है।

# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित


**अनमोल विचार** खाली बर्तन ही सबसे अधिक आवाज करते हैं : विलियम शेक्सपियर

न्यूज़ ब्रीफ

## यश राज फिल्म्स को राहत

### फिल्म 'फैन' पर महिला ने किया था केस



**मुंबई।** साल 2021 में यश राज फिल्म्स ने NCDRC के एक फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। मामले में NCDRC ने YRF को एक दर्शक को 10 हजार रुपए देने को कहा था। ये मामला शाहरुख खान की मूवी फैन से जुड़ा हुआ है।

महाराष्ट्र उपभोक्ता आयोग ने प्रोडक्शन हाउस को शाहरुख खान की फिल्म 'फैन' में 'जबरा फैन' गाना ना होने की वजह से 10 हजार रुपये का मुआवजा देने को कहा था। अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है। 2016 में फैन मूवी रिलीज हुई थी तो आफरीन जैदी नाम की एक महिला अपने बच्चों के साथ ये फिल्म देखने गई थी। मूवी में 'जबरा फैन' गाना न दिखाए जाने वजह से महिला जिला उपभोक्ता फोरम पहुंच गई थी। महिला ने शिकायत दर्ज की थी कि गाने का प्रोमो देखने के बाद वो अपने बच्चों के साथ फिल्म देखने गई थी। फिल्म में वो गाना नहीं दिखाया गया था जिससे बच्चे नाराज हो गए थे। इससे बच्चों का एसिडिटी लेवल बढ़ गया था जिसकी वजह से उन्हें अस्पताल में एडमिट करना पड़ा। फोरम ने याचिका को खारिज कर दिया था।

## राखी को सुप्रीम कोर्ट से लगा बड़ा झटका

### अश्लील वीडियो मामले में करना होगा सरेंडर

**मुंबई।** राखी सावंत ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एक्ट्रेस ने पूर्व पति की ओर लगाए गए आरोपों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी लेकिन अब वहां से भी उन्हें निराशा ही मिली है। कोर्ट का फैसला एक्ट्रेस के खिलाफ आया है। अब राखी को जल्द ही सरेंडर करना होगा। बॉलीवुड एक्ट्रेस राखी सावंत को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। SC ने राखी सावंत की ओर से दाखिल की गई अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई से साफ इंकार कर दिया है। कोर्ट ने उन्हें 4 हफ्ते में निचली अदालत में सरेंडर करने को कहा है।

**क्या है मामला?**



राखी पर उनके एक्स पति आदिल का कथित अश्लील वीडियो लीक करने का इल्जाम है। आदिल ने अपना वीडियो लीक करने का आरोप लगाकर राखी के खिलाफ एक FIR दर्ज करवाई थी। आदिल की शिकायत पर राखी पर IPC की धारा 500, धारा 34 और धारा 67 ए (इलेक्ट्रॉनिक रूप में स्पष्ट अश्लील सामग्री प्रकाशित करना) के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है।

# 'भारत में एक नया पुतिन पैदा हो रहा है'

## प्रधानमंत्री पर शरद पवार ने कसा तंज

दोपहर संवाददाता । मुंबई/अमरावती

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्रियों ने नया भारत बनाने के लिए काम किया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल दूसरों की आलोचना करते हैं, और इस बारे में नहीं बोलते कि उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में लोगों के लिए क्या किया है। महाविकास अघाड़ी के उम्मीदवार के लिए अमरावती में एक अभियान रैली को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि देश में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के योगदान पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि कुछ भाजपा नेताओं ने सार्वजनिक रूप से संविधान को बदलने के बारे में बात की थी और लोगों से अपील की थी कि वे भारत में निरंकुशता को आकार न लेने दें।

### हाई-प्रोफाइल चुनावी लड़ाई बन रही है अमरावती लोकसभा क्षेत्र



अमरावती लोकसभा क्षेत्र में एक हाई-प्रोफाइल चुनावी लड़ाई बन रही है, जहां भाजपा ने मौजूदा सांसद नवनीत राणा को मैदान में उतारा है, जिन्होंने 2019 का चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस के बलवंत वानखेड़े के खिलाफ जीता था। पवार ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का अनुकरण कर रहे हैं। पवार ने कहा कि वह अमरावती के लोगों से उस 'गलती' के लिए माफी मांगने आए हैं जो उन्होंने 2019 के चुनाव में उम्मीदवार (नवनीत राणा) का समर्थन करके की थी। उन्होंने कहा, १पिछले चुनावों में मैंने लोगों से समर्थन मांगा था और (राणा को चुनने के लिए) अपील की थी। लोगों ने उस उम्मीदवार को चुना जिसके लिए मैंने अपील की थी। उस गलती को सुधारने का समय आ गया है।

**'भारत में एक नया पुतिन बन रहा है'**

पवार ने कहा कि वानखेड़े कांग्रेस से हैं, त्रिपक्षीय महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस शामिल हैं। राकांपा प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद, मैंने इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और नरसिम्हा राव से लेकर मनमोहन सिंह तक लगभग सभी प्रधानमंत्रियों का कामकाज देखा। उनके प्रयास एक नया भारत बनाने के थे, लेकिन मौजूदा प्रधानमंत्री केवल आलोचना करते हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास में पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू के योगदान को कोई नहीं भूल सकता लेकिन प्रधानमंत्री (मोदी) लगातार उनकी आलोचना करते हैं। पवार ने कहा, केंद्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में क्या किया, यह बताने के बजाय वह (मोदी) दूसरों की आलोचना करते रहते हैं। हमें डर है कि भारत में एक नया पुतिन बन रहा है।

## 16 सीटों पर चुनाव लड़ेगी शिंदे की शिवसेना

### मुंबई की 3 सीटों पर नजर



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र की पांच सीटों पर 63.7 फीसदी मतदान हुआ। सभी दल अब दूसरे चरण के प्रचार अभियान में जुटे हुए है। इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बड़ा बयान दिया है। शिवसेना प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य की 48 में से 16 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसमें मुंबई की छह में से तीन सीटें शामिल हैं। एक मीडिया संस्थान को दिए इंटरव्यू में सीएम एकनाथ शिंदे ने दावा किया कि सीट बंटवारे को लेकर सत्तारूढ़ महायुति में कोई मनमुटाव नहीं है। महायुति में शामिल शिवसेना, बीजेपी और अजित पवार की एनसीपी विकास के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएगी और 42 से ज्यादा सीटें जीतकर 2019 के रिकॉर्ड को तोड़ देगी।

मुंबई में बीजेपी ने दो लोकसभा क्षेत्रों- उत्तर पूर्व मुंबई और उत्तर मुंबई में अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने दक्षिण मध्य मुंबई में अपने प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। जबकि मुंबई की तीन सीटों पर अभी तक महायुति ने उम्मीदवार नहीं बताये हैं। दिलचस्प बात यह है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद भी महायुति ने आधिकारिक तौर पर राज्यभर में सीट आवंटन की घोषणा नहीं की है। उधर, विपक्षी महाविकास आघाडी ने इसी महीने सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) 21, कांग्रेस 17 और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) 10 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगी।



## 'इंडिया' गठबंधन 300 से ज्यादा सीट जीतेगाः उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने रविवार को दावा किया कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन लोकसभा चुनाव में 300 से अधिक सीटें जीतेगा. बुलढाणा में शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार नरेंद्र खेडेकर के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए, उद्धव ठाकरे ने कहा कि बीजेपी को उनकी पार्टी को नकली शिव सेना कहने के लिए लोग सबक सिखाएंगे. उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने जीएसटी व्यवस्था और कृषि नीतियों को लेकर बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि किसान उर्वरकों पर 18 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान कर रहे हैं. यह एक लाख रुपये के उर्वरकों के लिए 18,000 रुपये जीएसटी का भुगतान करता है, जबकि नमो सम्मना योजना के तहत, किसानों को 6,000 रुपये (वित्तीय सहायता) मिलती है. शिवसेना यूबीटी नेता ने कहा कि बीजेपी दावा करती है कि उसने उसे (राजनीतिक रूप से) खत्म कर दिया है, लेकिन फिर भी वह हर दिन उसे निशाना बनाती है. आप मेरी पार्टी को 'नकली' (नकली) शिवसेना कहते हैं, लेकिन यही सेना आपको अपनी असली ताकत दिखाएगी. क्या मेरी शिव सेना आपकी डिग्री जैसी है

## रणवीर सिंह ने डीपफेक वीडियो को लेकर दर्ज कराई एफआईआर

दोपहर संवाददाता । मुंबई



बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह ने डीपफेक वीडियो के संबंध में पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है। रणवीर सिंह के आधिकारिक प्रवक्ता ने पुलिस शिकायत दर्ज करने की पुष्टि करते हुए कहा, "हां, हमने पुलिस शिकायत दर्ज की है और उस हैंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जो रणवीर सिंह के एआई-जनरेटेड डीपफेक वीडियो को बढ़ावा दे रहा था। बीते दिनों अभिनेता रणवीर सिंह का डीपफेक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह एक राजनीतिक दल के लिए कुछ बातें बोलते दिखे। देखते ही देखते यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

**क्या था डीपफेक वीडियो में?**

डीपफेक वीडियो में रणवीर को कहते हुए दिखाया गया कि मोदी जी का उद्देश्य यही है कि वो सेलिब्रेट करें हमारे दुखी जीवन को। हमारे दर्द को, हमारी बेरोजगारी को और हमारी महंगाई को। क्योंकि हम जो भारतवर्ष हैं.. अब अन्याय काल की तरफ.. इतनी स्पीड से बढ़ रहे हैं पर हमें हमारे विकास और न्याय को मांगना नहीं भूलना चाहिए। इसलिए सोचो और वोट दो। यह वीडियो हाल ही में रणवीर की वाराणसी विजिट का है, जिसमें वो शहर से जुड़े अपने एक्सपीरियंस शेयर कर रहे थे।

## मुश्ताक अंतुले ने थामा NCP अजित गुट का दामन

दोपहर संवाददाता । मुंबई

लोकतंत्र के महापर्व की शुरुआत हो चुकी है। पहले चरण का मतदान शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न होने के बाद दूसरे चरण की वोटिंग की तैयारियां जारी है। इस बीच महाराष्ट्र में कांग्रेस और उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका लगा है। मुश्ताक अंतुले ने कांग्रेस का साथ छोड़ NCP अजित गुट का दामन थाम लिया है। लोकसभा चुनाव 2024 का महारण जारी है। इस बीच दल-बदल की राजनीति भी थम नहीं रही है।

सोमवार, 22 अप्रैल को महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा फेरबदल देखने को मिला। पूर्व सीएम एआर अंतुले के दामाद मुश्ताक अंतुले अजित गुट की NCP में शामिल हो गए। चुनाव के बीच इसे कांग्रेस और उद्धव गुट के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। बीते दिनों उनके पार्टी से नाराजगी की बात सामने आई थी। पार्टी छोड़ने के बाद मुस्ताक अंतुले ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कांग्रेस पार्टी का जो प्रदेश और देश का नेता नेतृत्व कर रहा है उसमे अब क्षमता नहीं है इसी वजह से सभी कांग्रेस पार्टी छोड़ कर जा रहे है। कांग्रेस पार्टी सिर्फ मुसलमानों की बात करती है। मगर वो मुसलमानों के लिए कुछ करती नहीं अगर करती तो मैं छोड़ कर नही जाता। कांग्रेस पार्टी सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करती है।

**सलमान खान फायरिंग केस**

## दया नायक की एंट्री

### सूरत में गन खोजने को मुंबई क्राइम ब्रांच का सर्च ऑपरेशन शुरू

- मुंबई क्राइम ब्रांच की एक टीम सूरत पहुंची
- क्राइम ब्रांच ने असलहे की खोजबीन शुरू की
- शूटर्स ने तापी नदी में गन को फेंक दिया था

**मुंबई/अहमदाबाद।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक की एंट्री हुई है। मुंबई क्राइम ब्रांच की एक टीम इस वारदात में इस्तेमाल की गई गन (बंदूक) को खोजन के लिए सूरत पहुंची है। गुजरात के कच्छ से पकड़े दोनों शूटर्स ने तापी नदी में बंदूक फेंकने की बात कबूली थी। पुलिस ने सलमान खान के घर फायरिंग मामले में दो शूटर्स के साथ गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को भी आरोपी बनाया है।





**तैयारी के साथ पहुंची क्राइम ब्रांच**

मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम पूरी तैयारी के साथ आई है। तापी नदी में बंदूक की खोजबीन में समय लगने की उम्मीद है। सलमान खान के गैलेक्स अपार्टमेंट के बाहर फायरिंग करने वाले शूटर्स ने कहा था कि उन्होंने मुंबई से कच्छ आने के दौरान सूरत की तापी नदी में बंदूक फेंक दी थी। मुंबई क्राइम इस हाई प्रोफाइल मामले की जांच कर रही है। सूरत जो टीम पहुंची है। उसमें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक भी शामिल हैं। 17 अप्रैल को गुजरात की कच्छ पुलिस ने विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) को आशापुरा माता के मंदिर से गिरफ्तार करके मुंबई पुलिस को सौंपा था।

**ऑपरेशन में लग सकता है समय**

मुंबई पुलिस ने दोनों शूटर्स को 10 दिन की रिमांड पर लिया है। क्राइम ब्रांच की टीम सूरत में शूटर्स से मिली जानकारी के आधार पर ही सर्च ऑपरेशन चलाएगी। सर्च ऑपरेशन के लिए विशेषज्ञों की टीम भी क्राइम ब्रांच के साथ है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच को शूटर्स ने एक रिवाल्वर से फायरिंग करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि मुंबई से सूरत पहुंचने पर जब तापी नदी का पुल आया था तो उन्होंने उसे नदी में फेंक दिया है। इसके बाद शूटर्स बस से कच्छ जिले के भुज पहुंचे थे। जहां से उनकी गिरफ्तारी की गई थी।

## मुंबई-पुणे एक्सप्रेस रूट पर अहम बदलाव

- पूरे एक्सप्रेस-वे पर सीसीटीवी कैमरे की पैनी नजर
- बदलाव का पालन नहीं करने पर लगेगा जुर्माना

दोपहर संवाददाता । मुंबई

**पुणे**-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हजारों वाहन चलते हैं। शनिवार और रविवार को इस रूट पर ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। छुट्टी के दिन वाहनों की संख्या बढ़ने से जाम लग जाता है। अब इस रूट पर गति सीमा में बदलाव किया गया है। घाट क्षेत्र में गति सीमा अलग है। इस बदलाव की अधिसूचना वाहतूक शाखा के अपर पुलिस महानिदेशक सुखविंदर सिंह ने जारी की है। इसके कारण, मुंबई - पुणे एक्सप्रेसवे पर यात्रा करते समय सभी प्रकार के वाहन चालकों के लिए इस यातायात गति सीमा का पालन करना अनिवार्य है।



**क्या बदल गया?**

पुणे मुंबई एक्सप्रेसवे पर किमी 35.500 से किमी 52.00 तक का विस्तार घाट क्षेत्र है। साथ ही शेष भाग समतल भाग है। घाट क्षेत्र के लिए वाहनों की गति सीमा में बदलाव किया गया है। बोरघाट और बाकी मार्ग पर गति सीमा अलग-अलग है। एक यात्री वाहन जिसमें ड्राइवर सहित आठ यात्री सवार होते हैं, उसे एम श्रेणी दी गई है। घाट में इन वाहनों की गति सीमा 60 किमी प्रति घंटा और शेष मार्ग पर 100 किमी प्रति घंटा कर दी गई है।

**वाहन के प्रकार के अनुसार भिन्न होता है**

चालक सहित नौ या अधिक यात्रियों को ले जाने वाले यात्री वाहन एम2 और एम3 श्रेणी में आते हैं। इन वाहनों की गति सीमा घाट क्षेत्र में 40 किमी प्रति घंटा और अन्य क्षेत्रों में 80 किमी प्रति घंटा है। साथ ही सामान ले जाने वाले वाहनों के लिए घाट क्षेत्र में 40 किमी प्रति घंटा और अन्य क्षेत्रों में 80 किमी प्रति घंटा की गति सीमा तय की गई है।

**गति सीमा के उल्लंघन पर जुर्माना**

पुणे-मुंबई हाईवे पर स्पीड लिमिट तय कर दी गई है। इस सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर जुर्माना लगाया जाएगा। यह जुर्माना हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए किया जाएगा। एक्सप्रेस-वे पर जगह-जगह गैंटियां खड़ी कर दी गई हैं। इस पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। अब पूरा एक्सप्रेस-वे सीसीटीवी कैमरे से कवर हो गया है। इसके चलते वाहन मालिकों से गति सीमा का उल्लंघन किए बिना नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### वृक्ष प्राधिकरण
### सार्वजनिक सूचना

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्षों का संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (क) के अंतर्गत प्रावधान के अनुपालन में परिमंडल-5 के अंदर एल विभाग से 01 यानी कुल 01 प्रस्ताव वृक्षों को हटाने के लिए मनपा आयुक्त/अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी)/ उक्त अधिनियम की धारा (8) की उप धारा (6) के तहत मंजूरी के लिए प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के www.mcgm.gov.in वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका/गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण पर उपलब्ध है। 679 (L)

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण अधिकारी, वृक्ष अधिकारी**
का कार्यालय, पेग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,भायखला (पूर्व),
मुंबई-400027.
टेली नं -23742162
ईमेल- sg.gardens@mcgm.gov.in

पीआरओ/24/विज्ञा./2024-25

हस्ता/
उद्यान अधीक्षक व वृक्ष प्राधिकरण

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

# बेलगाम हथियार

पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट की इस चिंता से सहमत हुआ जा सकता है कि समारोहों और अपराध में लाइसेंसी हथियारों का खूब इस्तेमाल हो रहा है। तंत्र की लापरवाही से उपजे हालात से खिन्न न्यायाधीश को कहना पड़ा कि पंजाब में लाइसेंसी हथियार जारी करने की कोई गाइड लाइन है? दरअसल, कोर्ट की पहल पर 13 नवंबर, 2022 को पंजाब सरकार द्वारा जारी आदेश में सार्वजनिक स्थानों तथा सोशल मीडिया पर फायर आर्म्स के उपयोग व प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन के मामले प्रकाश में आए थे। इतना ही नहीं शादी-विवाह व निजी कार्यक्रमों में 'हर्ष फायरिंग' के मामले भी अक्सर देखे जाते रहे हैं। निश्चित रूप से आग्नेय हथियारों का अविवेकशील उपयोग कभी भी दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। वहीं हथियारों के उपयोग में सावधानी न बरते जाने से सार्वजनिक स्थलों में दुर्घटना की गुंजाइश लगातार बनी रहती है। लेकिन कोर्ट के आदेश व सरकार के प्रयासों के बावजूद इन परिस्थितियों पर अंकुश नहीं लग रहा है। जिसके चलते कोर्ट को सख्त टिप्पणी करने को मजबूर होना पड़ा है। इस बाबत हाईकोर्ट ने पंजाब के डीजीपी से सवाल किये कि क्या आर्म्ड लाइसेंस जारी करने मे शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत कोई प्रोटोकॉल, दिशा-निर्देश या मानदंड निर्धारित हैं? पिछले पांच वर्ष में कितने आर्म्ड लाइसेंस जारी किये गये हैं? साथ ही स्पष्ट किया जाना चाहिए कि ये हथियार किस मकसद से जारी किये गए हैं? दरअसल, यह विडंबना ही है कि शासन-प्रशासन के स्तर पर ऐसे गंभीर व संवेदनशील मुद्दों पर पहल होनी चाहिए, उसकी याद हाईकोर्ट को दिलानी पड़ रही है। सत्ताधीश लोकलुभावन राजनीति के चलते समाज के अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज करते हैं। यही वजह है कि हाईकोर्ट को पूछना पड़ा कि 13 नवंबर, 2022 से प्रत्येक जिले में फायर आर्म्स के प्रदर्शन की जांच के लिये कितनी अचानक विजिट की गई? दरअसल, इस मुश्किल वक्त में जब लोग छोटी-छोटी बात पर आवेशित होकर हथियार निकाल लेते हैं, हथियारों का नियमन बेहद संवेदनशील ढंग से किया जाना चाहिए। वहीं दूसरी ओर हथियारों के लाइसेंस जारी करवाने के खेल में जो बिचौलियों की भूमिका होती है, उसे खत्म करने की दिशा में गंभीर प्रयास किये जाने चाहिए। साथ ही उन विभागीय काली भेड़ों की भी जांच हो जो लेनदेन करके अपात्र व्यक्तियों व संदिग्ध चरित्र के व्यक्तियों को लाइसेंस दिलाने में कामयाब हो जाते हैं। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सीमावर्ती पंजाब में अवैध हथियारों की बरामदगी के लिये विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। जो समाज व कानून व्यवस्था के लिये बेहद घातक साबित हो रहे हैं। पड़ोसी देश से ड्रोन के जरिये हथियार गिराने के अनेक मामलों के बाद हमें खतरनाक मंसूबों के प्रति सतर्क रहना जरूरी है। इस गंभीर स्थिति की निगरानी के लिये पुलिस व सीमा सुरक्षा बलों को अवैध हथियारों की बरामदगी के लिये सघन अभियान चलाने की जरूरत है।

# किताबों में विज्ञान की सांस मानवता की आस



रेनू सैनी

प्रारंभ से अभी तक विश्व में अनेक आविष्कार हुए हैं। उन आविष्कारों ने न केवल मानव का अपितु पूरे ब्रह्मांड का कायापलट कर दिया है। अनेक अति महत्वपूर्ण आविष्कारों में से एक आविष्कार है कलम और पुस्तक। कलम की धार जहां सबसे अधिक तीव्र मानी जाती है, वहीं पुस्तक का स्वर सबसे अधिक तीखा। वे हमसे और आपसे बातें भी करती हैं। पुस्तकों की आवाज़ वहां तक पहुंचती है, जहां तक कोई आवाज़ नहीं पहुंच पाती। आदित्य रहबर ने अपनी कविता 'किताबें' में लिखा है कि—

'किताबों का अलग एक अपना
धर्म होता है
जहां विज्ञान सांस लेता है
मानवता मुस्कराती है।'

पुस्तकें व्यक्ति के अंतर्मन और व्यक्तित्व को पूरी तरह संवार देती हैं। पढ़ना एक छेनी की तरह है। छेनी का प्रयोग पत्थर की आकृति को संवारने में किया जाता है। अगर छेनी का प्रयोग न किया जाए तो पत्थर किसी कलाकृति और आकृति में न ढल पाए। उसी तरह यदि पुस्तकें न होतीं तो व्यक्ति का व्यक्तित्व खुरदरा ही रहता। पुस्तकें पढ़ने से व्यक्ति का खुरदरा व्यक्तित्व चिकना होता है। अबिगैल वैन बुरेन से गंभीर पाठक अवश्य परिचित होंगे। उन्हें 'प्रिय एब्बी' के नाम से भी जाना जाता है। वे एक मार्गदर्शन प्रदान करने वाला कॉलम लिखा करती थीं। उनका यह मार्गदर्शन वाला कॉलम 50 से भी अधिक वर्षों से चल रहा है। उनके उस कॉलम को पढ़कर अनेक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। एक बार उनसे कहा गया कि यदि आपको युवाओं को कोई सलाह देने के लिए कहा जाए तो आप उन्हें क्या सलाह देंगी? इस पर वे मुस्कराते हुए बोलीं, 'यदि मैं युवाओं को सलाह दूंगी तो यह है पढ़ो, पढ़ो, पढ़ो! पढ़कर आप वास्तविक और काल्पनिक संसारों के लिए द्वार खोल देंगे। जानकारी के लिए पढ़ें, आनंद के लिए पढ़ें। हमारे पुस्तकालय ज्ञान तथा आनंद से भरे हुए हैं और यह सब यहां पर मौजूद हैं। जो व्यक्ति पढ़ता नहीं है, वह उस व्यक्ति से बेहतर स्थिति में नहीं है, जो पढ़ नहीं सकता।'

पुस्तकें जीवन का ऐसा हथियार हैं जो मुसीबत और समस्याओं के सामने सर्वोत्तम हथियार साबित होती हैं। पुस्तकें बोलती हैं क्योंकि इनको पढ़ने वाले व्यक्ति के व्यक्तित्व में गजब का सकारात्मक परिवर्तन आ जाता है। पुस्तकों से बातें करने वाला व्यक्ति समाज को ऐसे मार्ग पर ले जाता है जहां पर समाज सुखद परिवर्तनों से चौंक उठता है।

यशोदा, उत्तर प्रदेश स्थित कौशांबी गांव से है। उनका परिवेश पूरी तरह से हिन्दी था। उन्होंने 12वीं कक्षा हिन्दी माध्यम से पास की थी। बचपन से ही यशोदा को पढ़ने का बहुत शौक था। किताबों के इस शौक ने यशोदा को न केवल मुसीबतों से उभारा, बल्कि उसके अंदर एक ऐसा हुनर भी उत्पन्न किया जिससे गांव वाले दांतों तले अंगुली दबाते रह गए।

लगभग 28 वर्षीय यशोदा विवाहित है। पहले यशोदा ग्रामीण बहुओं की तरह रहकर अपने सास-ससुर की सेवा करती थी। एक दिन उनके पति राधे सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। वे दिहाड़ी मजदूर थे। उनके बिस्तर में पड़ने से रोजी-रोटी की दिक्कतें बढ़ गईं। घर का गुजारा चलाना मुश्किल हो गया। अब परिवार क्या करे? ऐसे में यशोदा ने पुस्तकों के माध्यम से स्वयं को निखारा। उसने बहुत सोचा-विचारा कि आखिर अपने पुस्तक प्रेम से वह कैसे रोजगार की तलाश पूर्ण करे? एक दिन उसने अपने आसपास देखा तो पाया कि वहां की बालिकाएं और युवा अंग्रेजी से बहुत झिझकते थे। बस यशोदा को राह मिल गई और वे इस राह पर चल पड़ी। किसी को कुछ सिखाने से पहले उसमें स्वयं प्रवीण होना अनिवार्य है। ऐसे में यशोदा ने कमर कस ली। उन्होंने अंग्रेजी की पुस्तकें एवं समाचार-पत्र पढ़ने आरंभ कर दिए। अनेक पुस्तकें ऑनलाइन ऑर्डर कर उनको पढ़ा। पुस्तकें पढ़ने के बाद उन्होंने अंग्रेजी बोलने और लिखने का अभ्यास किया। अंग्रेजी बोलने वाले वीडियो लगातार सुने। जब उन्हें लगा कि अब वे अपने कार्य में कुशल हो गई हैं तो उन्होंने गांव की बच्चियों और विद्यार्थियों को अंग्रेजी की कक्षाएं देनी आरंभ कर दीं। उन्होंने अपना अंग्रेजी सिखाने का यूट्यूब चैनल भी खोल लिया। कुछ ही समय बाद उनका गांव प्रसिद्ध हो गया। जब लोगों ने यह देखा कि एक ग्रामीण बहू घूंघट में अंग्रेजी बोलती है तो सभी ने दांतों तले अंगुली दबा ली। यशोदा का कहना है कि, 'यदि पुस्तकें मेरी मित्र नहीं होतीं तो मैं कभी भी अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाती। आज मैं जो कुछ भी हूं वह सिर्फ पुस्तकों के कारण हूं।'

यशोदा के गांव में अब सभी शिक्षा और पुस्तकों के महत्व को समझ गए हैं।

लैकोरडेयर का कहना है कि, 'जीवन को सुखी बनाने के लिए केवल तीन चीजें आवश्यक हैं— ईश्वर की कृपा, पुस्तकें और एक मित्र।' जो व्यक्ति पुस्तकों की आवाज सुनता है, उनको गुनता है उस पर ईश्वर की कृपा स्वयंमेव ही हो जाती है। इसके साथ ही उसके अच्छे मित्र भी बन जाते हैं क्योंकि ज्ञानवान और विवेक व्यक्ति का साथ सभी पसंद करते हैं।

पुस्तकें बोलती हैं, बातें करती हैं और राह दिखाती हैं। यदि आपने अभी तक पुस्तकों से बातें करना आरंभ नहीं किया है तो देर मत कीजिए। आज और अभी किसी भी पुस्तक को उठाइए, उसे खोलिए और पढ़ना आरंभ कर दीजिए। पुस्तक पढ़ने के बाद आप पाएंगे कि आपके ज्ञान चक्षु पूरी तरह खुल गए हैं।

# जितना क्षमा की शक्ति उतना शक्तिशाली



अपनी शक्ति को अंदर जानो जो सिर्फ धर्म स्वरूप है और धर्म कुछ नहीं सिर्फ प्रेम है और जब प्रेम ही सब कुछ है तो क्षमा उसका एक अंग ही हो जाता है। कितना कौन जुल्म कर सकता है देखते हैं हमारे प्रेम के आगे!

कलयुग में क्षमा के सिवाय और कोई भी बड़ा साधन नहीं है मनुष्य के पास में ये जान ले, और जितनी क्षमा की शक्ति होगी उतने ही आप शक्तिशाली होंगे। सबको क्षमा वही कर सकता है जो बड़ा होता है छोटा आदमी क्या क्षमा करेगा। आज मैंने कहा सवेरे कि धर्म को जाने! अपने अंदर जो धर्म है उसको जाने, धर्म में खड़े हैं जो आदमी धर्म में खड़ा है उसकी इतनी शक्ति होती है अंदर से उस धर्म को जानिए अहा कितना सुंदर है हम धर्म में खड़े हैं जो अधर्म में खड़ा है उससे हमारा कोई मुकाबला थोड़ी है वह तो अधर्म में ही खड़ा है हम तो धर्म में खड़े हुए हैं हमारा तरीका ही ओर है जो धर्म में खड़ा है उसका तरीका ओर होता है और जो धर्म में होता है उसका ओर होता है धर्म वाले से अधर्म वालो के साथ अपना मेल जोड़ ही नहीं सकता है वो। हमें हर तकलीफ हो रही है परेशानियां हो रही है लेकिन हम तो अपने धर्म पर खड़े हुए हैं ना, यह सबसे बड़ी चीज है। अपनी शक्ति को अंदर जानो जो सिर्फ धर्म स्वरूप है और धर्म कुछ नहीं सिर्फ प्रेम है और जब प्रेम ही सब कुछ है तो क्षमा उसका एक अंग ही हो जाता है।

कितना कौन जुल्म कर सकता है देखते हैं हमारे प्रेम के आगे! कितना कौन दुष्टता कर सकता है, कौन कितना घर का भेदी होगा, कौन कितनी तकलीफ देगा, कौन कितनी कृतज्ञनता करेगा, करने दो! प्यार के आगे सब चीज डुब जाती है यही एक तरीका है कलजुग (कलयुग) में बैठता है और तो मेरे कुछ समझ में नहीं आता अगर आप सोचते हो की पुराने



कोई तरीके इस्तेमाल करें तो हो नहीं सकता! उसका एक कारण आप लोग जान लीजिए मैंने पहले भी बताया और अब फिर बता रही हूं कि पूर्णतया साधु और पूर्णतया संत संसार में नहीं है हर एक संत साधु में भी इन लोगों ने एक-एक राक्षस है, आपके चित्त में ही घुसे हुए हैं वो लोग! बात समझ में आई, अगर कोई साधु ही सिर्फ हो तो ठीक है "पवित्राणाय साधुनाम विनाशाय च दुष्टता" पर साधु के साथ एक दुष्ट बैठा हुआ है तो बहुत ही प्रेम से उसको अलग हटाना पड़ेगा कि नहीं कितना कठिन काम है बताइए आप! आप साधुता में खड़े हैं कि दुष्टता में खड़े हैं यह आप पर निर्भर है लेकिन आप अगर साधुता में खड़े हैं तो अगर कोई दुष्टता चिपक रही तो उसको हटा भी सकते हैं लेकिन आज ऐसा शुद्ध जीव कितने हैं संसार में बताइए। डिग्रीस (degrees) का फर्क! और जो लोग साधुता की ओर जा रहे हैं वह साधुता को बटोरे, उनको उन लोगों से कोई मतलब नहीं रखना चाहिए जो असाधु है, वह असाधु है जो चोर है बिलंदर है उसका हमसे क्या मुकाबला भई वो चोर ही है और हम ये ही।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## शख्सियत | पंडिता रमाबाई मेधावी

# समाज सुधारक, विद्वान और महिला अधिकारों की समर्थक



पंडिता रमाबाई मेधावी एक उल्लेखनीय भारतीय समाज सुधारक, विद्वान और महिला अधिकारों की समर्थक थीं, जिनका जन्म 23 अप्रैल, 1858 को भारत के महाराष्ट्र में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके जीवन की विशेषता शिक्षा, सामाजिक न्याय और हाशिए पर रहने वाले समुदायों, विशेषकर महिलाओं के लिए सशक्तिकरण की निरंतर खोज थी।

छोटी उम्र से ही, रमाबाई ने असाधारण बुद्धि और ज्ञान की प्यास प्रदर्शित की। उस समय महिलाओं की शिक्षा पर लगाए गए कई चुनौतियों और सामाजिक प्रतिबंधों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी लगन से की। उन्होंने संस्कृत, बंगाली, अंग्रेजी और मराठी सहित कई भाषाओं में महारत हासिल की और धर्मशास्त्र, दर्शन और साहित्य जैसे विविध क्षेत्रों में गहराई से प्रवेश किया। महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए रमाबाई की वकालत उनके जीवन के कार्य का केंद्र बन गई। 1889 में, उन्होंने आर्य महिला समाज की स्थापना की, जो महिलाओं की शिक्षा और सामाजिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक अग्रणी संगठन था। उन्होंने लड़कियों के लिए एक स्कूल, शारदा सदन की भी स्थापना की, जो उन्हें शैक्षणिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करता था।

उनकी वकालत शिक्षा से आगे बढ़कर महिलाओं को प्रभावित करने वाले व्यापक सामाजिक मुद्दों, जैसे विधवा पुनर्विवाह, बाल विवाह और संपत्ति और विरासत पर महिलाओं के अधिकारों को शामिल करने तक फैली। रमाबाई ने भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए विधायी सुधारों की वकालत करते हुए, निडर होकर पारंपरिक पितृसत्तात्मक मानदंडों और रीति-रिवाजों को चुनौती दी।

अपने सामाजिक सुधार प्रयासों के अलावा, रमाबाई एक विपुल लेखिका और विद्वान थीं। उन्होंने ₹द हाई-कास्ट हिंदू वुमन₹ और ₹द पीपल ऑफ इंडिया₹ सहित कई प्रभावशाली रचना लिखी, जिन्होंने भारतीय समाज में महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों की दुर्दशा पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की। रमाबाई की विरासत भारत में महिलाओं के अधिकारों की उन्नति और सामाजिक सुधार में उनके स्थायी योगदान के माध्यम से गूंजती है। उनके अथक प्रयासों ने देश में नारीवादी आंदोलन की नींव रखी और कार्यकर्ताओं और सुधारकों की पीढ़ियों को प्रेरित किया।

5 अप्रैल, 1922 को उनका निधन हो गया, लेकिन एक अधिक न्यायपूर्ण और न्यायसंगत समाज का उनका दृष्टिकोण, जहां महिलाएं अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने के लिए सशक्त हों, दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करती रहती है। पंडिता रमाबाई मेधावी भारतीय इतिहास में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति बनी हुई हैं, जिन्हें उनकी अदम्य भावना और सामाजिक न्याय और समानता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए मनाया जाता है।


## जीवन ऊर्जा | विलियम शेक्सपियर : निधन- 23 अप्रैल 1616 | अवसान

# आप महान काम करना चाहते हैं, तो नई गलतियां करने से डरो मत

विलियम शेक्सपियर का जन्म 26 अप्रैल सन 1564 को इंग्लैंड के वारविकशायर में स्ट्रेटफोर्ड – अपॉन – एवन शहर में हुआ था। विलियम शेक्स्पीयर अंग्रेज़ी के कवि, काव्यात्मकता के विद्वान नाटककार तथा अभिनेता थे। उनके नाटकों का लगभग सभी प्रमुख भाषाओं में अनुवाद हुआ है। 23 अप्रैल 1616 को 52 वर्ष की आयु में इंग्लैंड में उनका निधन हो गया था।

इस दुनिया में कुछ भी अच्छा और बुरा नहीं होता, बल्कि हमारी सोच उसे अच्छा या बुरा बनाती है। भगवान् ने इंसान को एक ही चेहरा दिया है, लेकिन इंसान अपने लिए कई नए मुखोटे बना लेता है। हम सब जानते है कि हम कौन है और क्या है, लेकिन हम ये नहीं जानते कि हम क्या बन सकते है और क्या कर सकते है। आप एक किरदार है और यह दुनिया एक रंगमंच। इसपर आपको अपने जीवन में कई किरदार निभाने पड़ेगे।

यदि आप किसी से उम्मीद रखते है तो एक न एक दिन आपको दर्द जरुर होगा, क्योकि उम्मीद एक न एक दिन टूटेगी, और जब ये टूटती है तो बहुत दर्द होता है। आप अपने कर्म से पहचाने जाते है।



नाम में क्या रखा है। गुलाब को उसके रंग और खुश्बू से पहचाना जाता है जैसे अंधेरे में एक छोटी सी मोमबत्ती भी दूर तक प्रकाश बिखेरती है, उसी तरह इस बुरी दुनिया में एक अच्छा काम दूर तक चमकता है। बुद्धिमान स्वंय को मुर्ख और मुर्ख स्वंय को होशियार समझते है। ये बात ज्यादा जरुरी है, कि हम अपने आप से सच्चे और ईमानदार बने रहे।

अपनी वाणी पर जरा ध्यान दीजिये, नहीं तो ये एक दिन आपको ले डूबेगी। यदि आप समय बर्बाद करते है, तो समय बाद में आपको बर्बाद कर देगा। हम सभी लोगो की किस्मत सितारों में नहीं, बल्कि हमारे ही अन्दर छुपी हुई है। बस उसे पहचानने की देर हैं एक मिनट देरी से आने से अच्छा है तीन घंटे जल्दी आ जाए। डरपोक अपनी मृत्यु से पहले कई बार मरते हैं; बहादुर मौत का स्वाद और कभी नहीं बस एक बार चखते हैं। खाली बर्तन ही सबसे अधिक आवाज़ करते हैं। सभी से प्यार करो, कुछ पर ही विश्वास करो, किसी के साथ गलत मत करो।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# विद्वान और विद्यावान में अन्तर

रावण विद्वान था, जबकि हनुमान जी, बिद्यावान थे। विद्वान एवम विद्या वान में क्या अंतर है? रामचरितमानस के अदभुद प्रसंग से जानिए-बरसहिं जलद भूमि नियराये ।

जथा नवहिं वुध विद्या पाये ॥

जैसे बादल जल से भरने पर नीचे आ जाते हैं, वैसे विचारवान व्यक्ति विद्या पाकर विनम्र हो जाते हैं। ये विद्यावान के लक्षण है और विद्वान का आगे वर्णन किया है। विद्वान और विद्यावान में अन्तरः

विद्यावान गुनी अति चातुर।
राम काज करिबे को आतुर॥

एक होता है विद्वान और एक विद्यावान। दोनों में आपस में बहुत अन्तर है। इसे हम ऐसे समझ सकते हैं, रावण विद्वान है और हनुमान जी विद्यावान हैं। रावण के दस सिर हैं मतलब, चार वेद और छहः शास्त्र दोनों मिलाकर दस हैं। इन्हीं को दस सिर कहा गया है। जिसके सिर में ये दसों भरे हों, वही दस शीश हैं । रावण वास्तव में विद्वान था। लेकिन विडम्बना क्या है ? सीता जी का हरण करके ले



आया।कई बार विद्वान लोग अपनी विद्वता के कारण दूसरों को शान्ति से नहीं रहने देते । उनका अभिमान दूसरों की सीता रुपी शान्ति का हरण कर लेता है और हनुमान जी उन्हीं खोई हुई सीता रुपी शान्ति को वापिस भगवान से मिला देते हैं । हनुमान जी ने कहा —

विनती करउँ जोरि कर रावन ।
सुनहु मान तजि मोर सिखावन ॥

हनुमान जी ने हाथ जोड़कर कहा कि मैं विनती करता हूँ, तो क्या हनुमान जी में बल नहीं है ? नहीं, ऐसी बात नहीं है । विनती दोनों करते हैं, जो भय से भरा हो या भाव से भरा हो । रावण ने कहा कि तुम क्या, यहाँ देखो कितने लोग हाथ जोड़कर मेरे सामने खड़े हैं ।

कर जोरे सुर दिसिप विनीता ।
भृकुटी विलोकत सकल सभीता ॥

यही विद्वान और विद्यावान में अन्तर है । हनुमान जी गये, रावण को समझाने। यही विद्वान और विद्यावान का मिलन है । रावण के दरबार में देवता और दिग्पाल भय से हाथ जोड़े खड़े हैं और भृकुटी की ओर देख रहे हैं । परन्तु हनुमान जी भय से हाथ जोड़कर नहीं खड़े हैं । रावण ने कहा भी —

कीधौं श्रवन सुनेहि नहिं मोही ।
देखउँ अति असंक सठ तोही ॥

रावण ने कहा – 'तुमने मेरे बारे में सुना नहीं है ? तू बहुत निडर दिखता है !'

हनुमान जी बोले – 'क्या यह जरुरी है कि तुम्हारे सामने जो आये, वह डरता हुआ आये ?' रावण बोला – 'देख लो, यहाँ जितने देवता और अन्य खड़े हैं, वे सब डरकर ही खड़े हैं ।' हनुमान जी बोले – 'उनके डर का कारण है, वे तुम्हारी भृकुटी की ओर देख रहे हैं ।'

भृकुटी विलोकत सकल सभीता।

(क्रमशः)



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

# ईमानदारी महान गुण है

नाव गंगा के इस पार खड़ी है। यात्रियों से लगभग भर चुकी है। रामनगर के लिए खुलने ही वाली है, बस एक-दो सवारी चाहिए। उसी की बगल में एक नवयुवक खड़ा है। नाविक उसे पहचानता है। बोलता है - 'आ जाओ, खड़े क्यों हो, क्या रामनगर नहीं जाना है?' नवयुवक ने कहा, 'जाना है, लेकिन आज मैं तुम्हारी नाव से नहीं जा सकता।?' क्यों भैया, रोज तो इसी नाव से आते-जाते हो, आज



क्या बात हो गयी? आज मेरे पास उतराई देने के लिए पैसे नहीं हैं। तुम जाओ। अरे! यह भी कोई बात हुई। आज नहीं, तो कल दे देना। नवयुवक ने सोचा, बड़ी मुश्किल से तो माँ मेरी पढ़ाई का खर्च जुटाती हैं। कल भी यदि पैसे का प्रबन्ध नहीं हुआ, तो कहाँ से दूँगा? उसने नाविक से कहा, तुम ले जाओ नौका, मैं नहीं जाने वाला। वह अपनी किताब कापियाँ एक हाथ में ऊपर उठा लेता है और छपाक नदी में कूद जाता है। नाविक देखता ही रह गया। मुख से निकला- अजीब मनमौजी लड़का है। छप-छप करते नवयुवक गंगा नदी पार कर जाता है। रामनगर के तट पर अपनी किताबें रखकर कपड़े निचोड़ता है। भींगे कपड़े पहनकर वह घर पहुँचता है। माँ रामदुलारी इस हालत में अपने बेटे को देखकर चिंतित हो उठी।

अरे! तुम्हारे कपड़े तो भीगें हैं? जल्दी उतारो। नवयुवक ने सारी बात बतलाते हुए कहा, तुम्ही बोलो माँ, अपनी मजबूरी मल्लाह को क्यों बतलाता? फिर वह बेचारा तो खुद गरीब आदमी है। उसकी नाव पर बिना उतराई दिए बैठना कहाँ तक उचित था? यही सोचकर मैं नाव पर नहीं चढ़ा। गंगा पार करके आया हूँ। माँ रामदुलारी ने अपने पुत्र को सीने से लगाते हुए कहा, 'बेटा, तू जरूर एक दिन बड़ा आदमी बनेगा।' वह नवयुवक अन्य कोई नहीं लाल बहादुर शास्त्री थे, जो देश के प्रधानमंत्री बने और 18 महीनों में ही राष्ट्र को प्रगति की राह दिखायी।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

लोकतंत्र का
महा उत्सव 2024

दोपहर

मंगलवार, 23 अप्रैल 2024

चुनाव परिणाम तय करेगा बालासाहेब की पार्टी शिवसेना का असली वारिस कौन है?

इस सीट पर शिवसेना के दो गुटों के बीच सीधा मुकाबला

**सत्ता संग्राम** शिवसेना में फूट पड़ने के बाद पहली बार दोनों दल के उम्मीदवार एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे चुनाव

# मुंबई साउथ सेंट्रल सीट पर शिवसेना के दो गुटों में सीधी जंग




लोकसभा चुनाव 2024 में पहले चरण का मतदान हो चुका है और दूसरे चरण की तैयारी भी पूरी है। देश की 543 लोकसभा सीटों पर सात चरण में मतदान होना है। इस बीच महाराष्ट्र की राजनीति में मुंबई की साउथ सेंट्रल सीट चर्चा का विषय बनी हुई है। इस सीट पर शिवसेना के दो गुटों के बीच मुकाबला है। उद्धव ठाकरे ने यहां अनिल देसाई को टिकट दिया है। वहीं, एकनाथ शिंदे ने मौजूदा सांसद राहुल शेवाले को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस और बीजेपी ने यहां उम्मीदवार नहीं उतारे हैं, क्योंकि दोनों दल अलग-अलग गठबंधन का हिस्सा हैं। एनडीए की तरफ से शिंदे ने राहुल और विपक्षी दलों के I.N.D.I.A. गठबंधन की तरफ से उद्धव ने अनिल को टिकट दिया है। यह सीट इसी वजह से चर्चा में बनी हुई है, क्योंकि यहां शिवसेना के दो गुटों के बीच सीधा मुकाबला है। शिवसेना में फूट पड़ने के बाद पहली बार दोनों दल के उम्मीदवार एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। मुंबई साउथ सेंट्रल की लड़ाई से ही तय होगा कि बालासाहेब की पार्टी शिवसेना का असली वारिस कौन है और उनकी राजनीतिक विरासत को कौन आगे बढ़ाएगा।

### मौजूदा सांसद हैं शेवाले

राहुल शेवाले इस सीट से मौजूदा सांसद हैं। 2019 में उन्होंने कांग्रेस के एकनाथ गायकवाड़ को डेढ़ लाख वोट से हराया था। वह 2014 में भी इसी सीट से सांसद बने थे। हालांकि, अब हालात बदल चुके हैं। शिवसेना में फूट के बाद यह देखना बाकी है कि मराठा वोटर किसके साथ हैं। इसी आधार पर दोनों उम्मीदवारों की जीत और हार का फैसला होगा। अगर दोनों को मराठी वोट मिलते हैं तो शेवाले को दलित होने का फायदा मिल सकता है।

### क्या हैं समीकरण?

इस संसदीय क्षेत्र में छह विधानसभा छेत्र हैं और इनमें से चार में एनडीए गठबंधन के विधायक हैं, जबकि दो में I.N.D.I.A. गठबंधन का कब्जा है। 14 लाख से ज्यादा मतदाताओं वाली मुंबई साउथ सेंट्रल सीट पर 42 फीसदी मराठी मतदाता हैं। जातीय समीकरण के लिहाज से 28 फीसदी मतदाता दलित हैं। 20 फीसदी मुस्लिम हैं। यहां 10 फीसदी मतदाता उत्तर भारतीय और 8.50 फीसदी मतदाता दक्षिण भारत से हैं। 2008 में यह सीट अस्तित्व में आई और 2009 में कांग्रेस के एकनाथ गायकवाड़ यहां से विधायक बने। इसके बाद से राहुल शेवाले यहां से सांसद बनते आ रहे हैं।




### शेवाले की मुश्किल बढ़ा सकते हैं अनिल

मौजूदा सांसद राहुल शेवाले के लिए यह चुनाव आसान नहीं होगा। उनके पास चार विधायकों का समर्थन है, जो अपने क्षेत्र में उनके पक्ष में प्रचार करेंगे। इस सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। इस लिहाज से प्रचार का समय भी काफी ज्यादा है, लेकिन उद्धव ठाकरे के नाम पर यहां के वोट अनिल को मिल सकते हैं। राहुल के पास दलित होने का फायदा है तो अनिल के पास उद्धव के प्रति लोगों की सहानुभूति का ट्रंप कार्ड है। अगर विपक्षी गठबंध के वोटर एकजुट होकर अनिल को वोट देते हैं और वह मराठा वोट बैंक में सेंध लगा पाते हैं तो उनकी जीत लगभग तय हो जाएगी।

**चुनावी खबर**

## माढा : रणजितसिंह नाईक निंबाळकर की जीत तय




रणजितसिंह नाईक निंबाळकर ने माढा निर्वाचन क्षेत्र में कुछ उल्लेखनीय कार्य किए हैं जो अब तक कोई नहीं कर सका है। उसने बारामती का पानी मध्य की ओर मोड़ दिया। ग्रामीणों का कई वर्षों से चला आ रहा जल संघर्ष रणजीत दादा के कारण ही समाप्त हुआ। उन्होंने ग्रामीणों के सामने ही नीरा नदी का पानी मोड़ दिया. गर्मी के दिनों में सूख चुकी नहरें अब पानी से लबालब हो गई हैं। इस वजह से लोगों का वोट रणजितसिंह नाईक निंबाळकर की तरफ जाने का पूर्ण संभावना है।

### शरद पवार को हार का डर

इस बीच शरद पवार को माढ़ा में अपनी हार साफ नजर आ रही है। माधा की सीट के लिए पवार ने कई चालें चलीं, लेकिन जनता की प्रतिक्रियाओं से पता चल रहा है कि अब इसका कोई फायदा नहीं होगा। जब रणजीत दादा ने बारामती के मुहाने से पानी मोड़ दिया तो पवार कुछ नहीं कर सके। अब भी स्थिति वैसी ही है. हार सामने दिखने पर भी पवार हताश हो गए हैं। शरद पवार को डर है कि माढा सीट उनसे छिन जाएगी। दूसरी ओर, मैं मोदी के नेतृत्व में काम कर रहा हूं और हम विकसित भारत के लिए लड़ रहे हैं, यह कहकर रणजितसिंह नाईक निंबाळकर ने लोगों का दिल जीत लिया है। 'अब एक वोट मोदी को, माढ़ा के विकास के लिए' इस फॉर्मूले पर रंजीत दादा की शानदार जीत तय है।

## ओडिशा : शाही परिवारों के 12 सदस्य आजमा रहे किस्मत



ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा के लिए एक साथ हो रहे चुनाव में इस बार अलग-अलग शाही परिवार के 12 सदस्य अपनी किस्मत आजमा रहे हैं और आम लोगों को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं। ओडिशा में 13 मई से एक जून तक लोकसभा की 21 सीट और विधानसभा के लिए 147 सीट के लिए मतदान होगा। सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने शाही परिवारों के सबसे अधिक आठ सदस्यों को मैदान में उतारा है, उसके बाद भारती य जनता पार्टी (भाजपा) ने तीन और कांग्रेस ने एक सदस्य को मैदान में उतारा है। शाही परिवारों के दस सदस्य ओडिशा विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं, जबकि दो लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार हैं। बीजद ने धाराकोटे के दिग्गज नेता दिवंगत एएन सिंहदेव की पोती 28 वर्षीय सुलक्षणा गीतांजलि देवी को सनाखेमुंडी विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया है।

**विशेष खबर** मुस्लिम वोटों के सहारे किंगमेकर बनने का सपना लंबे समय से संजोए रखे हैं बदरुद्दीन अजमल

# मुस्लिम सियासत के चेहरे ओवैसी-अजमल और पीरजादा



देश की सियासत में AIMIM के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, AIUDF के अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल और ISF के अब्बास सिद्दीकी खुद को मुस्लिम राजनीतिक के तौर पर स्थापित करने में जुटे है। इन तीनों मुस्लिम नेताओं का अपना-अपना सियासी दायरा है। अजमल खुद को असम तक, तो सिद्दीकी पश्चिम बंगाल तक सीमित कर रखे हैं, लेकिन ओवैसी हैदराबाद के साथ-साथ देशभर के अलग-अलग राज्यों में मुस्लिम राजनीति को खड़े करने में जुटे हैं। इस तरह 2024 के लोकसभा चुनाव में मुस्लिम सियासत का लिटमस टेस्ट होना है। बदरुद्दीन अजमल असम की सियासत के मुस्लिम चेहरा माने जाते हैं। मुस्लिम वोटों के सहारे किंगमेकर बनने का सपना लंबे समय से संजोए रखे हैं और इस बार राज्य की 14 में से 3 सीट पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर रखा है। वहीं, पश्चिम बंगाल में मुस्लिम वोटों के सहारे सियासी जमीन तलाश रहे अब्बास सिद्दीकी की पार्टी इंडियन सेक्युलर फ्रंट (ISF) प्रदेश की 42 लोकसभा सीटों में से 30 सीट पर चुनाव लड़ रही है। हालांकि, ISF के एकलौते विधायक नौशाद सिद्दीकी ने पहले डायमंड हार्बर सीट से अभिषेक बनर्जी के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरने का ऐलान किया था, लेकिन बाद में पीछे कदम खींच लिया। असदुद्दीन ओवैसी खुद हैदराबाद सीट से किस्मत आजमा रहे हैं। पिछले चुनाव में हैदराबाद के साथ महाराष्ट्र की औरंगाबाद सीट भी ओवैसी की पार्टी जीतने में कामयाब रही थी, लेकिन किशनगंज सीट पर कुछ वोटों से पीछे रह गई थी। ओवैसी इस बार इन तीनों लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। यूपी में एक भी सीट पर अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है तो राजस्थान, पश्चिम बंगाल और झारखंड में चुनाव नहीं लड़ रहे। इस तरह से ओवैसी ने 2024 के चुनाव में चुनिंदा सीटों पर ही चुनाव लड़ने का फैसला किया है। हालांकि, पहले बिहार से लेकर महाराष्ट्र और यूपी तक में अपने उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया था, लेकिन बाद में अपना फैसला बदल दिया है।

### बंगाल में सिद्दीक दिखा पाएंगे कमाल?

पश्चिम बंगाल में करीब 30 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम मतदाता है, जो किसी भी दल का खेल बनाने और बिगाड़ने की ताकत रखते हैं। मुस्लिमों के सहारे कांग्रेस, लेफ्ट के बाद ममता बनर्जी अपना दबदबा बनाए हुए हैं, लेकिन अब फुरफुरा सरीफ के पीरजादा अब्बास सिद्दीकी मुसलमानों की राजनीति खड़ी करने में जुटे हैं। इसके लिए उन्होंने इंडियन सेक्युलर फ्रंट नाम से राजनीतिक दल का भी गठन किया। कांग्रेस और लेफ्ट भले ही एक सीट नहीं जीत सकी, लेकिन नौशाद सिद्दीकी एसएफआई से जीतने में कामयाब रहे। इस बार के लोकसभा चुनाव में अब्बास सिद्दीकी ने 30 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं। वे खासकर ऐसी सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, जहां पर मुस्लिम समुदाय बड़ी संख्या में है। पीरजादा के उतरने से कांग्रेस-लेफ्ट ही नहीं ममता बनर्जी के लिए भी चिंता बढ़ गई है। देखना है कि मुस्लिम समुदाय क्या उन पर भरोसा करता है या फिर ममता के साथ मजबूती से खड़ा रहता है?

### असम में अजमल का कितना असर

असम में करीब 34 फीसदी आबादी मुस्लिमों की है। इन्हीं मुस्लिम वोटों के सहारे बदरुद्दीन अजमल 2009 से असम में राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं। 2014 में अजमल खुद जीतने के साथ तीन सीटें जीती थीं, जबकि 2019 में सिर्फ एक पर सिमट गई। इस बार AIUDF ने तीन लोकसभा सीट पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं, जिनमें बदरुद्दीन अजमल चौथी बार धुबरी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। अजमल की पार्टी ने दो और लोकसभा सीटों नागांव और करीमगंज में उम्मीदवार उतारे हैं, करीमगंज से सहाबुल इस्लाम चौधरी और नागांव से अमीनुल इस्लाम मैदान में है। धुबरी, नागांव और करीमगंज सीट पर मुस्लिम मतदाता बड़ी संख्या में है, जिसके चलते अजमल ने दांव खेला है। ये सीटें बीजेपी विरोधी दलों के लिए मुफीद मानी जा रही थीं। धुबरी एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल का गढ़ रहा है। वह लगातार तीन बार से जीत भी रहे हैं, लेकिन इस बार उनके सामने कड़ी चुनौती है। करीमगंज और नागांव सीट पर बीजेपी का कब्जा है, जिसे अजमल ने छीनने के लिए अपने दिग्गज नेताओं को उतारा है। ऐसे में अजमल के सामने सबसे बड़ी चुनौती मुस्लिम वोटों को जोड़े रखते हुए 2014 की तरह प्रदर्शन दोहराने की है?

### ओवैसी की मुस्लिम सियासत?

असदुद्दीन ओवैसी भारतीय राजनीति में खुद को मुस्लिम चेहरे के तौर पर स्थापित करने में जुटे हैं। 2014 के बाद से देशभर में ओवैसी का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। 2019 में ओवैसी हैदराबाद सीट से खुद जीतने के साथ-साथ महाराष्ट्र के औरंगाबाद सीट से इम्तियाज जलील AIMIM से जीतने में कामयाब रहे थे। किशनगंज सीट से AIMIM प्रत्याशी अख्तरुल ईमान तीसरे नंबर पर रहे थे, लेकिन करीब 3 लाख वोट पाने में कामयाब रहे थे। इस बार AIMIM इन्हीं तीनों सीट पर फोकस कर रही है, जिसके चलते बाकी राज्यों में चुनाव लड़ने से अपने कदम पीछे खींच लिए है।

बिहार विधानसभा चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने मुस्लिम बहुल सीमांचल इलाके में पांच सीटें जीतने में सफल रही, जिसमें चार विधायक आरजेडी के खाते में चले गए। अख्तरुल ईमान ही इकलौते AIMIM विधायक है, जो पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हुए हैं। ओवैसी ने किशनगंज सीट से एक बार फिर से अख्तरुल ईमान को उतारा है, जिसके चलते बिहार की बाकी सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति को टाल दिया है। बिहार में ओवैसी सिर्फ तीन सीटों पर ही चुनाव लड़ने के लिए पूरा दम लगा रहे हैं, लेकिन मुस्लिम वोटर उनके साथ पहले की तरह खड़ा दिखाई नहीं दे रहा है।

### मुस्लिम पैटर्न बढ़ा रहा टेंशन

बीजेपी नेतृत्व वाले एनडीए और कांग्रेस के अगुवाई वाले इंडिया गठबंधन के बीच लोकसभा चुनाव सिमटता जा रहा है। इस तरह एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन की लड़ाई में मुस्लिम वोटिंग पैटर्न मुस्लिम सियासत के सहारे जमीन तलाशने वाले नेताओं की टेंशन बढ़ा रहे हैं। इसकी वजह ये है कि मुस्लिमों का बड़ा तबका गठबंधन के साथ खड़ा नजर आ रहा है, जिसके चलते ही ओवैसी ने यूपी में लोकसभा चुनाव लड़ने से अपने कदम पीछे खींच लिए है। विपक्ष लगातार ओवैसी से लेकर अजमल और अब्बास सिद्दीकी तक को बीजेपी की बी-टीम बताता रहा है। 2024 में मुस्लिम सियासत के चेहरे माने जाने वाले तीनों ही नेता बीजेपी की बी-टीम के नैरेटिव को हर हाल में तोड़ना चाहते हैं। इसके अलावा मुस्लिम वोटों का भी झुकाव जिस तरह से इंडिया गठबंधन की तरफ होता दिख रहा है, उससे उनकी चिंता बढ़ गई है।



# आपकी मेहनत की कमाई पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है: पीएम

**एजेंसी । अलीगढ़**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों से लोगों को आगाह कर रहा हूं। कांग्रेस की नजर आपकी कमाई पर है।



### कांग्रेस आपकी संपत्ति छीन लेगी: मोदी

मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई तो वह सबकी संपत्ति की जांच कराएंगे। वह आपकी सम्पत्ति लेकर लोगों में बांट देंगे। यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह कांग्रेस का घोषणा पत्र कह रहा है। सरकार के नाम पर कांग्रेस आपकीसंपत्तिछीन लेगी। यह माओवादी सोच है। यह कम्युनिस्टों की सोच है। आपकी मेहनत की कमाई पर कांग्रेस अपना पंजा मारनी चाहती है। माताओं, बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा, यह कांग्रेस कहती है। इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना बड़ा साम्राज्य बना लिया है। किसी गरीब को उसमें से कुछ नहीं दिया है। उल्टे वे गरीबों से छीनना चाहते हैं।

### 'परिवारवादी राजनीति से मुक्त कराने का समय है'

प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा ताला लगाया कि दोनों शहजादों को इसकी चाबी नहीं मिल रही है। अलीगढ़ की जनता से प्रार्थना करने और आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। अच्छे भारत और विकसित भारत की चाबी भी आपके पास ही है। अब देश को गरीबी, भ्रष्टाचार, परिवारवादी राजनीति से पूरी तरह से मुक्त कराने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले बार्डर पर आए दिन गोले दगते थे। आतंकी बम फोड़ते थे। अयोध्या और काशी को नहीं छोड़े। हर बड़े शहर में बम धमाका। अब उस सीरियल बम धमाके पर ब्रेक लग गया है। अब मोदी-योगी का कमाल है कि यह सब बंद हो गया है। पहले अलीगढ़ में भी आए दिन कर्फ्यू लगता था। अब ऐसा नहीं है।

### गरीब को घर, राशन और इलाज मिला

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अलीगढ़ के लाखों लोगों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज की सुविधा मिल रही है। मोदी ने गारंटी दी है कि आपके परिवार के 70 साल से अधिक उम्र के लोगों की चिंता यह बेटा (मोदी) करेगा। मोदी ने कहा कि गरीब को घर मिला, राशन मिला, इलाज मिला। यह सब आपके एक वोट ने किया। इस अच्छे कार्य का पुण्य आपको भी मिल रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सरकार की तमाम योजनाओं का भी जिक्र किया।

### मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर : योगी

इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल के बाद जनता जनार्दन का जिस प्रकार आशीर्वाद मिल रहा है उससे स्पष्ट है कि पहले चरण की यूपी की सभी आठ सीटों पर भाजपा का कमल खिलने जा रहा है। विपक्ष का खाता नहीं खुलेगा। हम सबके लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर 2024 का लोकसभा चुनाव है। प्रधानमंत्री मोदी ने अलीगढ़ के लिए सब कुछ किया। राजा महेन्द्र प्रताप के नाम पर विश्वविद्यालय दिया है। कॉरिडोर दिया है। पांच सौ सालों के बाद आप सब ने अयोध्या में भगवान राम का सूर्य तिलक होते देखा है। अलीगढ़ की जनता तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ मतदान करेगी।

### दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती सपा की पहचान थी: मोदी

मोदी ने कहा कि दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती सपा की पहचान थी। इसी से उनकी राजनीति चलती थी। एक समय था कि बेटियां बाहर निकल नहीं सकती थीं। आज योगी सरकार में कोई गुंडा सिर नहीं उठा सकता है। पहले हज कोटा कम होता था। उसमें भी घूसखोरी चलती थी। ज्यादातर पैसे वाले लोग ही जा पाते थे। हमारी सरकार ने हज का कोटा ही नहीं बढ़ाया बल्कि प्रक्रिया को आसान भी बनाया। पहले अकेली महिलाएं हज करने नहीं जा सकती थीं। हमने उसे भी दुरुस्त किया। आज बहुत सी मुस्लिम माताएं-बहनें हमें आशीर्वाद दे रही हैं।

# सपा ने कन्नौज और बलिया से उम्मीदवार किया घोषित

**एजेंसी । लखनऊ**



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनपद कन्नौज और बलिया में उम्मीदवारों की घोषणा सोमवार को कर दी है। कन्नौज लोकसभा सीट से तेजप्रताप यादव और बलिया लोकसभा सीट से सनातन पांडेय को उम्मीदवार बनाया गया है।

### अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम

कन्नौज में अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम लग गया है। अखिलेश यादव के कन्नौज पहुंचने के बाद मीडिया संवाद में उन्होंने कहा था कि जल्द ही कन्नौज को सपा उम्मीदवार मिलेगा। उनके मीडिया से बातचीत के बाद आज तेज प्रताप यादव का नाम सामने आ गया। आखिरकार परिवार के सदस्य को ही अखिलेश यादव ने सपा का गढ़ कही जाने वाली इत्र नगरी कन्नौज सीट से टिकट दिया है।

इस सीट पर राजनीतिक जानकर सपा और भाजपा के बीच ही कांटे का चुनावी मुकाबला होने की बात कह रहे हैं। उम्मीदवार का एलान होते ही कन्नौज में सपा कार्यकर्ता चुनावी तैयारियों को लेकर चर्चा करते देखे जा रहे हैं।

### दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक एजेंडा का मत मिलने की उम्मीद

बलिया में सनातनपांडेयको सवर्ण मतदाताओं का मत मिलेगा तो समाजवादी पार्टी के दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक एजेंडा का भी मत मिलने की उम्मीद रहेगी। इसके अलावा सनातन पाण्डेय का परिवार भी राजनीति में सक्रिय भूमिका में रहा है। समाजवादी पार्टी ने सनातन को चुनावी टिकट देकर बलिया में लोकसभा की लड़ाई मजबूत कर दी है।

**राजस्थान**

### तीन मजदूर दीवार के नीचे दबे, एक की मौत

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना इलाके में निर्माणाधीन मकान की मिट्टी ढहने से तीन लोग दीवार के नीचे दब गए। इनमें से एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल मजदूरों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी मिल गई है। जानकारी में सामने आया है कि तीनों हौद की चिनाई के लिए गड्ढे में उतरे थे। चिनाई के दौरान अचानक मिट्टी ढहने से दीवार गिर गई। मलबे के नीचे तीनों दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने मलबा हटाकर तीनों को बाहर निकाल कर इलाज के लिए महात्मा गांधी अस्पताल भिजवाया था। इधर घटना के बाद मृतक के भाई कैलाश बैरवा की ओर से रविवार रात सांगानेर सदर थाने में मकान मालिक और ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही बरतने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### वाल्मीकि समाज के पदाधिकारियों का दौरा

**बांरा।** बारां-झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सांसद दुष्यंत सिंह के समर्थन में वाल्मिकी समाज के पदाधिकारियों ने महासभा के जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद पंवार की अगुवाई में जिले के विभिन्न गांवों में दौरा किया। इस दौरान 26 अप्रैल को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। दौरे की शुरूआत अटरू, छबड़ा व छीपाबड़ौद से की गईं और वाल्मिकी समाज के लोगों से संपर्क कर सांसद दुष्यंत सिंह को जिताने की अपील। जिलाध्यक्ष पंवार ने बताया कि जनसंपर्क के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां से अवगत कराया गया। जिनमें प्रमुख रूप से जम्मूकश्मीर में धारा 370 को समाप्त करने से वाल्मिकी समाज के लोगों को स्थानीय निकायों समेत सरकारी नौकरी लगने का मार्ग प्रशस्त हो पाया। वहीं चुनाव लड़ने का अधिकार मिल पाया।

### किशोर की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत

**जयपुर।** मानसरोवर थाना इलाके में दोस्तों के साथ नहाने आए एक किशोर की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। वह दोस्तों के साथ नहाने के लिए पानी में उतरा था और नहाते समय पैर फिसलने से डूब गया। जहां पूल कर्मचारियों ने उसे पानी से बाहर निकाल कर सवाई मानसिंह अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया, दो दिन बाद उसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा ने थाने में लापरवाही से मौत का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जांच अधिकारी एएसआई राजकुमार ने बताया कि स्विमिंग पूल में डूबने से कीरो की ढाणी मुहाना निवासी कमल (15) की मौत हो गई। जो मुहाना मंडी में फल-सब्जी की दुकान पर नौकरी करता था।

# कट्टरपंथियों के साथ खड़ी है कांग्रेस : ब्रजेश पाठक

**एजेंसी । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब कट्टरपंथियों के साथ खड़ी है। विगत कई सालों से कांग्रेस अपने रास्ते से भटक गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 साल देश की सेवा की। मोदी के नेतृत्व में विकास के अनेक कार्य हुए। दस वर्ष के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार का चिन्ह भाजपा पर नहीं लगा।

ब्रजेश पाठक प्रदेश भाजपा कार्यालय पर विभिन्न दलों से आए कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद बोल रहे थे। प्रदेश कार्यालय में ब्रजेश पाठक के समक्ष पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह, पूर्व विधायक



अशोक सिंह, पूर्व विधायक पहलवान सिंह, चौधरी सरदार सिंह, सरिता सिंह और करुणाकर पांडेय भाजपा में शामिल हुए। इसके अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्नी देवी, बसपा के वरिष्ठ नेता कुंवर वकील चंद्र और भगवान बख्श सिंह ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

# 25 अप्रैल तक चलेगी गर्म हवाएं, लू के आसार

**एजेंसी । कानपुर**

मौसम विभाग ने सोमवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश और पूर्वी उत्तर प्रदेश में लू की चेतावनी जारी किया है। प्रदेश के सहारनपुर, मेरठ समेत छह जिलों में बारिश की संभावना जताई है। जबकि प्रयागराज, वाराणसी समेत 19 जनपदों में गर्म हवाएं चलेंगी।



### धूल भरी हवाओं की भी संभावना प्रकट की गई है

प्रदेश के कई ऐसे शहर रहे जहां तापमान चालीस के आंकड़े को छूता हुआ दिखा। इन सभी जगहों पर गर्म हवा के थपेड़ों से लोग परेशान दिखाई दिए। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र मुताबिक, बाराबंकी, कानपुर, गोरखपुर, चुर्क, फतेहपुर, सुल्तानपुर, अयोध्या, फुरसतगंज फतेहगढ़, झांसी, उरई, हमीरपुर, आगरा और बुलंदशहर में पारा 40-42 डिग्री से अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 21 डिग्री से 28.9 डिग्री के बीच रहा। मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि रविवार को लू से कुछ दिन में राहत दिखी लेकिन गर्म हवा के थपेड़े अभी झेलने होंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हो सकती है। कई जगहों पर हल्की आंधी चल सकती है। साथ ही धूल भरी हवाओं की भी संभावना प्रकट की गई है

### मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए की भविष्यवाणी

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस. एन. सुनील पांडेय ने सोमवार को बताया कि गर्म हवाओं से बचने के लिए लोगों से अपील की गई है। मौसम विभाग का ताजा अपडेट आने के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश और पूर्वी उत्तर प्रदेश में लू चलने की चेतावनी जारी किया गया है। संभावना है कि 25 अप्रैल तक गर्म हवाएं चलेंगी। प्रदेश के सहारनपुर, मेरठ समेत 6 जिलों में बारिश के आसार हैं। जबकि प्रयागराज, वाराणसी समेत 19 जिलों में गर्म हवाएं चलेंगी।अप्रैल के तीसरे हफ्ते में ही उत्तर प्रदेश लू की चपेट में आ गया। प्रदेश के एक नहीं कई शहरों का तापमान 40 के ऊपर चला गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए भविष्यवाणी की है।

## व्यापार जगत

# शेयर बाजार में तेजी जारी

### शुरुआती मुनाफावसूली के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन आज घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। हालांकि आज का कारोबार शुरू होने के बाद मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ओपनिंग लेवल से नीचे गिर गए। इसके बावजूद खरीदारों ने शेयर बाजार को लाल निशान में नहीं जाने दिया। पहले 60 मिनट का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.40 प्रतिशत और निफ्टी 0.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।




### स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों का हाल

शुरुआती एक घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बीपीसीएल, विप्रो, श्रीराम फाइनेंस, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 3.70 प्रतिशत से लेकर 1.99 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील और आईटीसी के शेयर 1.34 प्रतिशत से लेकर 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

### स्टॉक मार्केट में शेयरों की एक्टिव ट्रेडिंग

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,113 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,722 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 391 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 7 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 41 शेयर हरे निशान में और 9 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

### बीएसई के सेंसेक्स में हुआ इतने अंकों का उछाल

बीएसई का सेंसेक्स आज 578.18 अंक उछल कर 73,666.51 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही मुनाफावसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से पहले आधे घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक गिर कर 73,227.32 अंक के स्तर पर आ गया। हालांकि इस स्तर पर खरीदारों का सपोर्ट मिल जाने की वजह से ये सूचकांक लाल निशान में गिरने से बच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 290.13 अंक की बढ़त के साथ 73,378.46 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

### निफ्टी में आई तेजी

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 189.90 अंक की तेजी के साथ 22,336.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक में भी गिरावट आई। पहले आधे घंटे के कारोबार के दौरान बाजार में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से ये सूचकांक गिर कर 22,198.15 अंक तक आ गया।

# 'डिश टीवी' लाया एंटरटेनमेंट से भरपूर डोज

## लॉन्च किया 'डिश टीवी स्मार्ट+' प्लान

**मुंबई।** डिश टीवी ने भारतीय यूजर्स के एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस को बढ़ाते हुए नई पहल की है। डिश टीवी डीटीएच ने इस पहल में 'डिश टीवी स्मार्ट'+ जैसे सर्विसेज की अनाउंसमेंट की है। यह लॉन्च इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है, जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कॉन्टेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। यह सुविधा, लचीलापन और उन्नत मनोरंजन विकल्प को सुनिश्चित करती है, जिससे ग्राहकों के देखने के अनुभव को और भी सशक्त बनाया जा सकता है।




'डिश टीवीस्मार्ट+' सर्विसेज' के साथ, सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स का आनंद भी ले सकते हैं। 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज पारिस्थितिकी तंत्र वॉचो-द ओटीटी सुपरऐप, सेट-टॉप बॉक्स सहित स्मार्ट उपकरणों और स्मार्ट एंड्रॉयड एसटीबी के माध्यम से किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, कभी भी अपना मनोरंजन कर सकते हैं. डिश टीवी इन उपकरणों में अपनी सेवाओं को सहजता से एकीकृत करने के लिए शीर्ष (टॉप) टीवी और मोबाइल मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के साथ भी सहयोग करेगा, जिससे सभी उपयोगकर्ता को भरपूर अनुभव मिलेगा।

# सोने की कीमत में आई गिरावट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश में सोने की कीमत में 22 अप्रैल को गिरावट आई। दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद समेत कई शहरों में सोने की कीमत नीचे आई है। सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव के पीछे घरेलू फैक्टर के साथ-साथ वैश्विक स्तर की गतिविधियां भी भूमिका निभाती हैं। देश में इस वक्त 24 कैरेट सोने की कीमत 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम तक है। चांदी की बात करें तो इसका भाव भी गिरकर 86,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया है। आइए जानते हैं देश के बड़े शहरों में सोने का रिटेल भाव कितना चल रहा है? आपके शहर में सोने का भाव22 अप्रैल



2024 को दिल्ली में 22 कैरेट सोने की कीमत लगभग 68,200 रुपये प्रति 10 ग्राम है। वहीं 24 कैरेट सोने की कीमत लगभग 74,380 रुपये प्रति 10 ग्राम है। वर्तमान में मुंबई में 22 कैरेट सोने की कीमत 68,040 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 74,230 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

# Byju's ने अपने कर्मचारियों को आंशिक वेतन का भुगतान किया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

संकटग्रस्त एडटेक स्टार्टअप Byju's के कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर आई है। कर्मचारियों को मार्च के लिए आंशिक वेतन का भुगतान किया गया है। नकदी की कमी से जूझ रहे Byju's ने फरवरी के लिए भी वेतन का आंशिक भुगतान करने का सहारा लिया था। कर्मचारियों को मार्च के भुगतान में भी देरी हुई है। एक सोर्स का कहना है, "शुरुआत में जब उन्होंने सैलरी की प्रोसेसिंग शुरू की तो उन्होंने दो टीमों- IRT (इश्यू रिजॉल्यूशन टीम) और BTC (Byju's ट्यूशन सेंटर्स) को पूरा वेतन दिया। उसके बाद किसी को भी नहीं मिला और हाल ही में 20 अप्रैल को बचे हुए लोगों को आधा वेतन मिला।"




### सभी कर्मचारियों के लिए पेरोल बनाने का प्रयास जारी है

कंपनी के एक करीबी सूत्र के अनुसार कंपनी के फाउंडर और सीईओ बायजू रवींद्रन ने मार्च के पेरोल के लिए अधिक पर्सनल लोन लिया है। Byju's सभी कर्मचारियों के लिए पेरोल बनाने का प्रयास कर रहा है। टीचर और टीचिंग सपोर्ट स्टाफ Byju's की रीढ़ हैं और इसलिए उनके वेतन का भुगतान प्राथमिकता से किया जाता है। निश्चित रूप से, फरवरी की दूसरी छमाही का वेतन अभी भी कंपनी पर बकाया है।



# लखनऊ से हिसाब बराबर करने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**एजेंसी । चेन्नई**

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा । पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था । केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिये रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की ।



### दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक

दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं । चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं । दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी । चेन्नई के लिये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं । लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई । सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है । चेन्नई ने अजिंक्य रहाणे को पारी का आगाज करने भेजा जिसकी वजह से गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतरे । सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक जमाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी का आगाज करें । रविंद्र जडेजा भी अर्धशतक जड़ चुके हैं जिससे मोईन अली और महेंद्र सिंह धोनी को आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी का मौका मिला । चेन्नई को उम्मीद होगी कि उसका शीर्षक्रम एक बार फिर रन बंटोरकर बड़े स्कोर की नींव रखेगा ।

### लखनऊ के लिये बल्लेबाजी चिंता का सबब

चेन्नई के गेंदबाजों में मथीषा पथिराना सर्वश्रेष्ठ रहे हैं लेकिन तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी । बायें हाथ के स्पिनर जडेजा को गेंदबाजी में बेहतर करना होगा । लखनऊ के लिये बल्लेबाजी चिंता का सबब है लेकिन उन्होंने साबित कर दिया है कि शीर्षक्रम के चलने पर वे क्या कर सकते हैं। राहुल और डिकॉक फॉर्म में हैं और उन्हीं पर यहां सबसे ज्यादा रन बनाने की जिम्मेदारी होगी । निकोलस पूरन ने जरूरत पड़ने पर हमेशा रन बनाये हैं और लखनऊ की उम्मीदें उन पर भी टिकी होंगी । गेंदबाजी में लखनऊ को युवा तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव की वापसी की उम्मीद होगी जो पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण दो मैचों में बाहर रहे । तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर ने चेन्नई को कम स्कोर पर रोकने की कोशिश की लेकिन आखिरी ओवरों में धोनी के बल्ले से निकले आतिश को नहीं रोक सके । मैट हेनरी को लखनऊ के लिये पदार्पण पर विकेट नहीं मिल सके और वे खुद को साबित करना चाहते होंगे । स्पिन गेंदबाजी में कृणाल पंड्या के दो विकेट बीच के ओवरों में काफी अहम रहे । एक बार फिर उन पर और युवा रवि बिश्नोई पर बीच के ओवरों में चेन्नई पर दबाव बनाने का दारोमदार होगा ।

### एलएसजी बनाम सीएसके हेड टू हेड

लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम इस साल अपना तीसरा ही सीजन खेल रही है, इसलिए दोनों टीमों के बीच अब तक ज्यादा मैच नहीं हुए हैं। अब तक खेले गए चार मैचों में से दो बार एलएसजी ने बाजी मारी है, वहीं एक मैच सीएसके ने अपने नाम किया है। एक मैच का रिजल्ट नहीं आ सका था। यानी इस हिसाब से देखें तो एलएसजी सीएसके पर भारी पड़ती दिख रही है। इस साल भी दोनों टीमें एक बार आमने सामने आ चुकी हैं। तब 19 अप्रैल को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में दोनों की भिड़ंत हुई थी। उस मैच में लखनऊ ने 8 विकेट से बड़े आराम से मैच अपने नाम किया था।



### कैसी होगी चेन्नई की पिच?

अगर चेन्नई की पिच के बारे में बात करें तो ये तेज गेंदबाज और स्पिनर्स के लिए बराबर की मददगार हो सकती है। वैसे तो चेन्नई की पिच स्पिनर्स के लिए ज्यादा मुफीद होती है, लेकिन चुंकि पिछले कुछ वक्त से यहां मैच नहीं खेले गए हैं, इसलिए हो सकता है कि घास उग आई हो, जो पेसर्स की मदद कर सकती है। हालांकि यहां पर बॉल बैट पर सीधे आसानी से नहीं आती, इसलिए बल्लेबाज ज्यादा बड़े शॉट नहीं खेल पाते हैं। वहीं अगर टॉस की बात करें तो जो भी टीम टॉस जीतेगी, संभावना है कि पहले गेंदबाजी का फैसला कर सकती है, क्योंकि टारगेट का पीछा करना यहां कुछ आसान होता है।

### टीमें

#### लखनऊ सुपर जाइंट्स (LSG)

केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

#### चेन्नई सुपरकिंग्स (CSK)

महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

# IPL 2024 का आधा सफर खत्म

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग में खेले जा रहे मुकाबलों के बाद हर दिन अंक तालिका में बदलाव देखने को मिल रहे हैं। एक दिन पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने 5वीं जीत से दूसरा स्थान हासिल किया था और अगले ही दिन कोलकाता नाइटराइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को हरा अपनी जगह वापस से हासिल कर ली। इस हार के बाद अब विराट कोहली के टीम के प्लेऑफ की उम्मीदें धुंधली हो चुकी है। एक और टीम है जिसके बाहर होने लगभग पक्का हो गया है। कोलकाता नाइटराइडर्स से रविवार 21 अप्रैल को मिली हार के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के प्लेऑफ की रेस में बने रहने की उम्मीदों को झटका लगा है। टूर्नामेंट का आधा सफर तय होने के बाद एक तरफ जहां राजस्थान रॉयल्स की टीम टॉप पर बनी हुई है तो कोलकाता ने दूसरा स्थान वापस से हासिल कर लिया है। रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर रही सनराइजर्स हैदराबाद तीसरे स्थान पर चल रही है। महेंद्र सिंह धोनी की मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर चौथे पायदान पर है। 5वें नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम चल रही है।

## 2 टीमें प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर



### 2 टीमों का बाहर होना तय

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अब तक 8-8 मैच खेलने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और पंजाब किंग्स के खाते में जो जीत है इसके लिहाज से वो प्लेऑफ में शायद ही पहुंच पाए। अंक तालिका में सबसे नीचे मौजूद आरसीबी ने सिर्फ 1 मैच जीता है और 7 में हार का सामना किया है। पंजाब की टीम के पास 2 जीत है और 6 में हार झेला है। आगे बचे सारे मुकाबलों में जीत मिली फिर भी आरसीबी वह ज्यादा से ज्यादा 14 या अंक तक पहुंच पाएंगी। वहीं पंजाब अपने बचे हुए सारे मैच जीतकर 16 अंकों तक ही पहुंच पाएगी। इसमें से एक मैच दोनों टीमों को आपस में खेलना है तो किसी किसी एक को हार मिलेगी।

### 8 टीमें प्लेऑफ की रेस में

प्लेऑफ के रेस की बात करें तो टॉप चार टीमों में राजस्थान, कोलकाता, चेन्नई और लखनऊ की दावेदारी सबसे मजबूत है। संजू सैमसन की टीम 12 अंकों के साथ सबसे उपर है और उसे सिर्फ 2 मुकाबले जीतने के बाद अगले दौर में जगह मिल जाएगी। कोलकाता के पास 10 अंक हैं और अगले 3 मुकाबले में जीत हासिलकर वह प्लेऑफ में पहुंच सकती है। चेन्नई और लखनऊ ने 8 अंक हासिल किए हैं तो 4 मैच जीतकर वह 16 अंकों तक पहुंच सकती है। गुजरात की टीम ने 8 मैच खेलकर 4 जीत हासिल की है और अगले 6 मुकाबले में से उसे कम से कम 4 जीत चाहिए। मुंबई इंडियंस ने 7 मुकाबले खेले हैं और तीन जीता है वहीं दिल्ली के खाते में 8 मैच के बाद इतनी ही जीत है। इन दोनों के पास भी आगे के मुकाबले जीतकर प्लेऑफ में जगह बनाने का पूरा पूरा मौका है।

### मुंबई के मैदानों से

## सुमित नागपाल सम्मानित




**मुंबई।** देश के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सुमित नागपाल को खार जिमखाना द्वारा सम्मानित किया गया। सुमित नागपाल पहली बार एटीपी रैंकिंग्स में सौ के अंदर जगह बनाने में कामयाब हुए हैं, उन्हें इस समय 80 एटीपी रैंकिंग दी गई है, जो कि उनके कैरियर में सबसे अधिक है। खार जिमखाना के अध्यक्ष विवेक देवनानी, मानद सचिव साहिब सिंह लांबा और कोषाध्यक्ष विपुल वर्मा की उपस्थिति में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया।

## आज से विलिंगडन स्पोर्ट्स क्लब बैडमिंटन स्पर्धा

**मुंबई।** विलिंगडन स्पोर्ट्स क्लब पर मंगलवार, 23 मार्च से आरंभ हो रहे बैडमिंटन स्पर्धा में मुंबई के करीब 50 क्लबों से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। ग्रेटर मुंबई बैडमिंटन एसोसिएशन के सौजन्य से आयोजित की जाने वाली स्पर्धा में क्लबों के अलावा जिमखाना से भी बैडमिंटन खिलाड़ी मैदान में उतरने वाले हैं। स्पर्धा मोतीराम, उलाल और कांजी कप के लिए खेली जाने वाली है। स्पर्धा में बैडमिंटन गुरुकुल की भी भागीदारी है।

# 'दे दे प्यार दे 2' में आमने-सामने होंगे अजय देवगन-अनिल कपूर



इस साल अजय देवगन कई फिल्में रिलीज करने वाले हैं। अभिनेता अपने प्रशंसकों के लिए अगले साल को भी मनोरंजक बनाने की योजना बना चुके हैं।

अजय 2019 की हिट फिल्म 'दे दे प्यार दे' का सीक्वल बनाने की तैयारी में लगे हैं। जिस दिन से 'दे दे प्यार दे 2' का ऐलान हुआ है उसी दिन से इसको लेकर नई-नई जानकारी सामने आ रही हैं। ताजा खबर यह है कि फिल्म में अजय और अनिल कपूर आमने-सामने होंगे।

### 'दे दे प्यार दे 2' में हुई अनिल की एंट्री

लव रंजन और उनकी टीम ने 'दे दे प्यार दे 2' में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए अनिल को चुना है। सूत्र ने खुलासा किया, ₹अनिल 'DDPD 2' के कॉन्सेप्ट से प्रभावित हुए और उन्होंने तुरंत हां कर दी। यह फिल्म दर्शकों को पहली फिल्म से भी ज्यादा हंसने का मौका देगी। फिल्म में अजय और अनिल के बीच दिलचस्प जुगलबंदी देखने मिलेगी।₹

### कैसा होगा अनिल का किरदार?

सूत्र ने आगे कहा, ₹अनिल के किरदार और अजय के बीच का झगड़ा 'DDPD 2' की कहानी के लिए खास है। यह कुछ ऐसा है, जिसके लिए दोनों उत्साहित है क्योंकि उन्होंने पहले कभी ऑन-स्क्रीन ऐसा कुछ नहीं किया है।₹ उसके अनुसार, फिल्म अब अजय की दृष्टी से दिखाई जाएगी क्योंकि वे रकुल प्रीत सिंह के परिवार पर जीत हासिल करने का प्रयास करते हैं। चर्चा है कि अनिल सीक्वल में रकुल के पिता का किरदार निभा सकते हैं।

# प्रियंका का 'टाइगर' में दिखा मातृत्व भाव



पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रियंका चोपड़ा निर्देशक मार्क लिनफील्ड और वैनेसा बर्लोविट्ज की डॉक्यूमेंट्री 'टाइगर' में अपनी प्रभावशाली आवाज के साथ आ रही हैं। यह एक मादा टाइगर की कहानी है, जो अपने बच्चों को जंगल में जिवित रहने के लिए तैयार करती है। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने बहुत सारी फिल्मों में अपनी आवाज दी है। अब वह प्राकृतिक डाक्यूमेंट्री में मादा टाइगर 'अंबर' की आवाज बनी हैं, जो अपने बच्चों को भारत के जंगल में पालती है।

### फिल्म के लिए प्रियंका एकमात्र विकल्प

एक साक्षात्कार में फिल्म के निर्देशक मार्क लिनफील्ड और सह-निर्देशक वैनेसा बर्लोविट्ज ने फिल्म के अनुभवों को साझा किया और बताया कि वो इसे भारत के गौरव और संरक्षण प्रयासों का प्रमाण क्यों मानते हैं। निर्देशक ने यह भी कहा कि प्रियंका ही इसका एकमात्र विकल्प थीं।

### फिल्म के लिए प्रियंका चोपड़ा ही क्यों?

**निर्देशकों ने बातचीत के दौरान उन्होंने अपना दृष्टिकोण साझा किया कि प्रियंका का एक मां होना इस फिल्म के लिए कैसे लाभदायक रहा? सह-निर्देशक वैनेसा बर्लोविट्ज ने कहा कि इस फिल्म के लिए प्रियंका पहली पसंद थी और वही एकमात्र विकल्प थी। हमने इस काम के लिए प्रियंका को ही इसलिए चुना क्योंकि भारत के सबसे प्रतिष्ठित जानवर की कहानी कहने के लिए वो भारत की सबसे वास्तविक कहानीकार हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसी आवाज चाहिए थी जो भारत के साथ-साथ विश्व के लोगों से जुड़ सके। प्रियंका के पास बहुत सुंदर आवाज है।**

# मुमताज ने पाकिस्तानी कलाकारों से प्रतिबंध हटाने पर दिया जोर



हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मुमताज के शानदार अभिनय की यादें लोगों के दिलों में आज भी जिंदा हैं। भले ही अभिनेत्री कई दशकों से फिल्मी पर्दे से दूर हों, लेकिन उनके प्रशंसक आज भी उनके बारे में जानने के लिए बेकरार रहते हैं। अभिनेत्री भी बेबाकी से मुद्दों पर अपनी राय रखकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। दरअसल, अभिनेत्री ने हाल ही में पाकिस्तानी कलाकारों पर लगे प्रतिबंध को हटाने पर जोर दिया है।

### पाकिस्तान में हुई मुमताज की बढ़िया आवभगत

कुछ दिन पहले मुमताज पाकिस्तान गई थीं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पाकिस्तानी अभिनेताओं और शास्त्रीय गायकों के साथ कई तस्वीरें साझा की थीं, जो खूब वायरल हुई थीं। अब इस मुलाकात के बाद जूम के साथ एक हालिया इंटरव्यू में मुमताज ने खुलासा किया कि कैसे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के कलाकारों ने उनकी आवभगत की। इसके साथ ही अभिनेत्री ने पाकिस्तानी गायकों और कलाकारों पर से भारत में लगे प्रतिबंध को हटाने की जरूरत पर भी जोर दिया।

### हमसे अलग नहीं हैं वे लोग- मुमताज

मुमताज ने कहा कि उन्हें इस यात्रा के दौरान बहुत खास महसूस हुआ। उन्होंने कहा, ₹वो लोग हम लोगों से अलग नहीं हैं। मैं जहां भी गई, लोग मुझे और मेरी बहन मल्लिका को प्यार और उपहार दे रहे थे। एक कलाकार इससे ज्यादा और क्या चाहता है?₹ उनके अनुसार, लोग उनकी फिल्में और गाने जानते थे। जहां फवाद खान ने उनके लिए पूरा रेस्तरां बुक किया, वहीं बीमार होने के बावजूद राहत फतेह अली खान ने गाना गाया था।

# 'द साबरमती रिपोर्ट' 2 अगस्त को सिनेमाघरों में देगी दस्तक




2002 के दंगों की कहानी दिखाएगी यह फिल्म

फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' के टीजर में 27 फरवरी, 2002 को गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में हुई घटना पर एक छोटी सी नजर डाली गई थी। इस छोटी सी झलक ने दर्शकों को पूरी तरह से हैरान कर दिया। 'द साबरमती रिपोर्ट' का टीजर पावरफुल, इंटेंस होने के साथ ही ग्रिपिंग था, जिसने दर्शकों को इस कहानी के बारे में और जानने के लिए बेसब्र कर दिया. ऐसे में अब दर्शकों के बीच कहानी को लेकर बनी बेसब्री को समझते हुए मेकर्स ने अब घोषणा की है। फिल्म 2 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द साबरमती रिपोर्ट' के टीजर में अनजानी सच्चाई को सामने लाया है, जो साबरमती एक्सप्रेस में हुई दुखद के 22 साल बाद तक लोगों के नजरों से हुआ था. टीजर आते ही लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया. इतना ही नहीं को असलियत को जानने के लिए सभी द्वारा इसकी रिलीज के लिए उत्सुकता किया जा रहा है और अब मेकर्स की तारीख की घोषणा कर दी उत्साह और बढ़ने की उम्मीद

गया। घटना छुपा में एक इस कहानी तरफ लोगों से इंतजार ने रिलीज है, जिससे है।

# बंगाल में 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द

● हाईकोर्ट का आदेश-8 साल की सैलरी लौटाएं ● फैसला गैरकानूनी, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे: ममता

एजेंसी | कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को 2016 में हुई शिक्षक भर्ती रद्द कर दी। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए। जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने कहा- कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (WBSSC) नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे। हाईकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा- हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। इस फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। पश्चिम बंगाल सरकार ने 2014 में WBSSC के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भर्ती किया था। तब 24, 640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपए तक की घूस लेने का आरोप है। मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट को कई शिकायतें मिली थीं। भर्ती में अनियमितताओं के मामले में CBI ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी मॉडल अर्पिता मुखर्जी और SSC के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था।



### मेरिट लिस्ट से बाहर वालों को नौकरी देने का आरोप

ममता बनर्जी की सरकार ने 2014 में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। इसकी प्रक्रिया 2016 में पूरी हुई थी। तब पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन्हें मेरिट लिस्ट में ऊपर स्थान मिला। कुछ उम्मीदवारों का मेरिट लिस्ट में नाम न होने पर भी नौकरी दी गई। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि कुछ ऐसे भी उम्मीदवारों को नौकरी दी गई, जिन्होंने TET परीक्षा भी पास नहीं की थी, जबकि राज्य में शिक्षक भर्ती के लिए TET की परीक्षा पास करना अनिवार्य है।

### हाईकोर्ट ने CBI जांच के आदेश दिए थे

इसी तरह से राज्य में 2016 में SSC द्वारा ग्रुप डी की 13 हजार भर्ती के मामले में शिकायतें मिली थीं। हाईकोर्ट ने इन सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए CBI जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद ED ने शिक्षक भर्ती और कर्मचारियों की भर्ती के मामले में मनी ट्रेल की जांच शुरू की थी। CBI ने इस मामले में 18 मई को पार्थ चटर्जी से पूछताछ भी की थी।

### जुलाई 2022 में हुई थी पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी

ED ने 23 जुलाई 2022 को पार्थ को शिक्षक भर्ती घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में कोलकाता के सरकारी आवास से गिरफ्तार किया था। पार्थ पर आरोप है कि मंत्री रहते हुए उन्होंने नौकरी देने के बदले गलत तरीके से पैसे लिए। पार्थ की गिरफ्तारी के 5 दिन बाद ममता बनर्जी ने उन्हें कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया था। इस मामले में 16 फरवरी 2024 तक पार्थ चटर्जी के करीबियों के ठिकानों पर ED ने छापेमारी की थी।

**2016**
में पश्चिम बंगाल के स्कूल सेवा आयोग ने शिक्षकों की भर्ती के लिए एग्जाम लिया। इसके खिलाफ बबीता समेत दो कैंडिडेट्स ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। कोर्ट ने इसमें मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका जताते हुए CBI जांच के आदेश दिए थे। पूछताछ के बाद CBI ने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत दर्ज कराई। जांच एजेंसी की शिकायत के बाद मामला ED के हाथ में चला गया। 23 जुलाई को ईडी ने चटर्जी को गिरफ्तार कर लिया और अर्पिता को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

**2017**
में रिजल्ट आया। सिलीगुड़ी की बबीता सरकार का नाम टॉप 20 में आया, आयोग ने ये लिस्ट रद्द कर दी। 16 नंबर कम पाने वाली अंकिता अधिकारी का नाम टॉप पर आ गया। अंकिता मंत्री परेश अधिकारी की बेटी है।

**2022**
25 अप्रैल और 18 मई को CBI ने पार्थ चटर्जी से पूछताछ की, क्योंकि वे 2014 से लेकर 2021 तक राज्य के शिक्षा मंत्री थे।

**2022**
22 जुलाई को ईडी ने कोलकाता में चटर्जी और उनके करीबियों के 18 ठिकानों पर छापे मारे। उनकी करीबी अर्पिता के घर से 20 करोड़ का कैश मिला।

मानहानि मामला

# दो मई को होगी राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई

■ अमित शाह पर राहुल गांधी ने की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

एजेंसी | सुल्तानपुर

उत्तर प्रदेश की सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में किसी न्यायाधीश की नियुक्ति नहीं होने के कारण राहुल गांधी के खिलाफ करीब छह वर्ष पुराने मानहानि मामले में सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब दो मई को अगली सुनवाई होगी। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि एमपी-एमएलए कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन एमपी-एमएलए कोर्ट में अभी तक किसी न्यायाधीश की नियुक्ति नहीं हुई है, इसलिए कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए दो मई की तारीख मुकर्रर की है। कर्नाटक चुनाव के दौरान बेंगलुरु में एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा नेता अमित शाह पर राहुल गांधी ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेता विजय मिश्रा ने चार अगस्त, 2018 को मानहानि की शिकायत की थी। शिकायतकर्ता ने राहुल गांधी की उस टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें कांग्रेस नेता ने कहा था कि भाजपा ईमानदार और स्वच्छ राजनीति में विश्वास करने का दावा करती है, लेकिन उनकी पार्टी का अध्यक्ष हत्या के मामले में आरोपी है।



### 2005 में शाह को कोर्ट ने आरोपमुक्त कर दिया था

हालांकि, राहुल गांधी की टिप्पणी से पहले मुंबई की एक विशेष सीबीआई अदालत ने 2005 के फर्जी मुठभेड़ मामले में शाह को आरोपमुक्त कर दिया था। पिछले साल दिसंबर में कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ वारंट जारी किया था। इसके बाद राहुल गांधी 20 फरवरी को अमेठी में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा रोककर अदालत में पेश हुए और उन्हें जमानत मिली थी।

# तृणमूल नेता के घर-कार्यालयों के पास टोह लेने के आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी | कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी के घर और कार्यालयों के पास टोह लेने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोलकाता पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और जासूसी विभाग ने उसे मुंबई से गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि राजाराम रेगे नामक व्यक्ति ने डायमंड हार्बर सीट से तृणमूल सांसद और उनके निजी सहायक का नंबर लेने के बाद उन्हें फोन करने की कोशिश की थी।



### डेविड हेडली से मुलाकात कर चुका

*भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी ने दावा किया कि राजाराम रेगे ने काफी पहले मुंबई आतंकी हमले के मुख्य आरोपी डेविड हेडली से मुलाकात की थी। इसके अलावा भी उसका कई लोगों के साथ उठना बैठना था।*

### अभिषेक , पीए के मोबाइल फोन नंबर हासिल किए

*अधिकारी ने बताया कि आज राजाराम रेगे को मुंबई से गिरफ्तार किया गया। वह कोलकाता आया था, यहां रुका था और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के कार्यालयों और आवास टोह ली थी। उसने अभिषेक और उनके पीए के मोबाइल फोन नंबर हासिल किए और उनसे संपर्क करने की कोशिश की।*

लोकसभा चुनाव

## भाजपा का खाता खुला: सूरत के मुकेश दलाल निर्विरोध जीते

**अहमदाबाद।** गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर निर्विरोध जीत हासिल करके बीजेपी ने इतिहास रच दिया है। पार्टी के कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित होने वाले बीजेपी के पहले सांसद बने हैं। सूरत के दंगल में अंतिम मौके पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी प्यारे लाल भारती मैदान में बचे थे। नाम वापसी की समय-सीमा खत्म होने से ठीक एक घंटा पहले उन्होंने जैसे ही नाम वापस लिया। वैसे ही मुकेश दलाल बीजेपी के लोकसभा चुनावों में निर्विरोध जीतने वाले पहले सांसद बन गए। अभी तक दर्शना जरदोश सूरत से बीजेपी की सांसद थीं। वह मौजूदा सरकार में रेल राज्य मंत्री हैं। इस बार पार्टी ने मुकेश दलाल को प्रत्याशी

# दो चरणों में ही आपराधिक मामलों वाले 18 फीसदी उम्मीदवार

■ मामलों के जल्द निपटान को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिका

■ 2019 के लोकसभा चुनाव में 1500 उम्मीदवारों पर थे क्रिमिनल केस

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट को बताया गया है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ पेंडिंग क्रिमिनल केसों के निपटारे के लिए गठित स्पेशल कोर्ट में 2023 में 2 हजार से ज्यादा मामलों में फैसला सुनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त कोर्ट सलाहकार



विजय हंसारिया ने इस मामले में शीर्ष अदालत में हलफनामा पेश कर बताया कि पेंडिंग केसों के जल्दी निपटान और हाई कोर्ट की निगरानी मामले में निर्देश दिए जाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि लोकसभा के पहले दो चरणों के चुनाव में 18 फीसदी उम्मीदवारों के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज है। सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दाखिल कर गुहार लगाई गई है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ क्रिमिनल केस का जल्दी निपटारा होना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एफिडेविट में बताया गया कि लोकसभा चुनाव के शुरुआती दो फेज में करीब 500 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। एडीआर की 2024 के चुनाव के पहले और दूसरे फेज की रिपोर्ट का हवाला देते हुए हंसारिया ने कहा कि पहले दो चरणों में कुल 2810 उम्मीदवारों में से 501 के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज हैं और यह कुल उम्मीदवारों का 18 फीसदी है। साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें 327 के खिलाफ ऐसे मामले दर्ज हैं जो गंभीर किस्म के हैं और उसमें दोषी पाए जाने पर पांच साल या उससे ज्यादा सजा का प्रावधान है।

न्यूज ब्रीफ

### दिग्विजय सिंह के दामाद का निधन

**बाराबंकी।** मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के बड़े दामाद रत्नाकर सिंह का लखनऊ में बीमारी के चलते निधन हो गया। निधन के कारण दिग्विजय सिंह ने अपने पूर्व निर्धारित चुनाव कार्यक्रमों को रद्द कर दिए हैं। रत्नाकर सिंह बाराबंकी की रामनगर स्टेट के राज परिवार से ताल्लुक रखते थे। 61 वर्षीय रत्नाकर सिंह करीब एक साल से कैंसर से पीड़ित थे। उनके निधन की जानकारी दिग्विजय सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर दी।

### वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस में लगी आग, RPF जवान की मौत



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में सोमवार सुबह वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस की एक बोगी में फायर एक्सटिंग्विशर फटने से एक RPF जवान विनोद कुमार यादव की मौत हो गई। विनोद, शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आग बुझाने के लिए गया था। आग बुझाने के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर में ब्लास्ट हो गया। हादसा यात्रियों के उतरने के बाद हुआ।

### इनर मणिपुर सीट के 11 बूथों पर दोबारा वोटिंग

**इम्फाल।** मणिपुर इनर लोकसभा सीट के 11 बूथ पर सोमवार को दोबारा वोटिंग हुई। 19 अप्रैल को फर्स्ट फेज में वोटिंग के दौरान यहां फायरिंग और तोड़फोड़ की घटनाएं हुई थीं। इसमें तीन लोग घायल हुए थे। EVM तोड़ी गई थीं। 20 अप्रैल को चुनाव आयोग ने यहां दोबारा वोटिंग कराने के आदेश जारी किए थे। जिन 11 बूथों पर दोबारा वोटिंग हुई, उनमें साजेब, खुरई, थोंगम, लेइकाई बामन कंपू (नॉर्थ-ए), बामन कंपू (नॉर्थ-बी), बामन कंपू (साउथ-वेस्ट), बामन कंपू (साउथ-ईस्ट), खोंगमान जोन-V(ए), इरोइशेम्बा, इरोइशेम्बा ममांग लेइकाई, इरोइशेम्बा मयाई लेइकाई और खैदेम माखा शामिल हैं।

### अगले पांच दिनों तक पूर्वी भारत पर रहेगा भीषण गर्मी का प्रकोप

**भुवनेश्वर।** अगले पांच दिनों तक पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। आईएमडी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की है। विभाग के अनुसार पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड और बिहार के कुछ हिस्सों में इस महीने दूसरी बार लू चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, ओडिशा में 15 अप्रैल से और पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले इलाकों में 17 अप्रैल से लू की स्थिति बनी हुई है। एमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, ओडिशा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और झारखंड के कुछ हिस्सों में लू की गंभीर स्थिति की आशंका है।

# केजरीवाल को डॉक्टर से परामर्श की नहीं मिली इजाजत, कोर्ट ने याचिका खारिज की

**CM ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जांच की मांग की थी**

एजेंसी | नई दिल्ली

शराब नीति केस में 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट से झटका लगा। उन्हें डॉक्टर से रोज 15 मिनट परामर्श की इजाजत नहीं मिली।



CM ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डायबिटीज की रेगुलर जांच, कंसल्टेंशन और इंसुलिन की मांग की थी।

### हाईकोर्ट ने 2 याचिकाओं पर की सुनवाई

*इससे पहले सुबह हाईकोर्ट ने उनसे जुड़ी 2 याचिकाओं पर सुनवाई की। पहली- हाईकोर्ट ने जमानत के लिए दायर की गई जनहित याचिका खारिज कर दी। याचिका 'वी द पीपुल ऑफ इंडिया' के नाम से एक लॉ स्टूडेंट ने लगाई थी। केजरीवाल की ओर से एडवोकेट राहुल मेहरा ने कहा- सभी मामलों में असाधारण जमानत दें। ऐसी अपील कैसे की जा सकती है। यह पूरी तरह से पब्लिसिटी के लिए दायर की गई याचिका है।*

## सौम्या विश्वनाथन मर्डर केस: दोषियों को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की मां ने साल अपनी बेटी की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे चार दोषियों को दी गई जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली सरकार और चारों दोषियों को नोटिस जारी किया है। दरअसल, दिल्ली HC ने 12 फरवरी को चारों दोषी रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की सजा को सस्पेंड कर दिया था और उन्हें जमानत दे दी थी।

# के. कविता की जमानत याचिका पर कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

एजेंसी | नई दिल्ली

राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को शराब नीति मामले की जांच कर रही सीबीआई के मामले में के। कविता द्वारा दायर जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट अब 2 मई को फैसला सुनाएगा। शराब घोटाले से संबंधित सीबीआई मामले में के कविता न्यायिक हिरासत में हैं।

सीबीआई ने उन्हें दिल्ली की तिहाड़ जेल से हिरासत में लिया था। इसके बाद 12 अप्रैल को अदालत के समक्ष पेश किया था, जहां से अदालत ने उन्हें 15 अप्रैल




तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसी मामले में कविता ने कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। कोर्ट ने के कविता की ओर से भी दलीलें सुनीं, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जांच किए जा रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत की मांग की गई है।

# 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन की इजाजत

**नाबालिग रेप विक्टिम की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 14 साल की रेप विक्टिम को करीब 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन कराने की इजाजत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (22 अप्रैल) को मुंबई के लोकमान्य तिलक अस्पताल को तत्काल अबॉर्शन के लिए इंतजाम करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 19 अप्रैल को इस मामले में अर्जेंट सुनवाई की थी, जिसमें कोर्ट ने लड़की का मेडिकल कराने का आदेश दिया था। आज सुबह 10:30 बजे अस्पताल ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट दाखिल की।चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने आदेश सुनाते हुए कहा- हम अबॉर्शन की इजाजत इसलिए दे रहे हैं, क्योंकि यह असाधारण मामला है।

हर घंटा विक्टिम के लिए अहम है। बेंच ने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि प्रेग्नेंसी जारी रखने से विक्टिम की मेंटल और फिजिकल हेल्थ पर असर पड़ेगा।



### सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल बोर्ड राय मांगी थी

इस मामले में IPC की धारा 376 और POCSO एक्ट में केस दर्ज है। CJI चंद्रचूड़ की बेंच ने पिछली सुनवाई में कहा था कि यौन उत्पीड़न को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने जिस मेडिकल रिपोर्ट पर भरोसा किया, वह नाबालिग पीड़ित की शारीरिक और मानसिक कंडीशन का आकलन करने में विफल रही है। बेंच ने पिछली सुनवाई में निर्देश दिया था कि महाराष्ट्र सरकार याचिकाकर्ता और उसकी नाबालिग बेटी को सेफ्टी के साथ अस्पताल ले जाना तय करे।

दोपहर एंकर | एडमिशन-501, अटेंडेंस- 316 और प्रेजेंट 165

# केके पाठक के 'राज' में एमडीएम में लूट !

■ FIR के बाद बोले हेडमास्टर- सब चोर हैं

एजेंसी | सीतामढ़ी

केके पाठक के राज में सरकारी स्कूलों में एमडीएम योजना लूट का एक बड़ा जरिया बना हुआ है। बराबर एमडीएम की राशि और चावल के लूट के खेल का खुलासा होता रहा है। इस लूट में एमडीएम योजना से जुड़े कई अन्य कर्मी भी संलिप्त रहे हैं। यानी सिर्फ प्रधान शिक्षक ही नहीं, बल्कि पूरी सुनियोजित तरीके से लूट को अंजाम दिया जाता है। बीच-बीच में खुलासे भी होते रहे हैं, प्रधान शिक्षक और अन्य बेनकाब होते भी हैं और कार्रवाई भी होती रही है। ताजा मामला सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड का है, जहां के प्रधान शिक्षक एमडीएम में लूट ही हद ही पार दिए हुए थे। अब उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस बीच, प्राथमिकी में आरोपित प्रधान शिक्षक रामनाथ प्रसाद ने कहा है कि सब चोर हैं। उन्होंने पहले तो मामले को झूठा करार दिया, पर बाद में खुद को भी चोर बताने से परहेज नहीं किया।





### शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने किया भंडाफोड़

यह मामला परिहार प्रखंड के मिडिल स्कूल, शिवनगर का है। वहां के विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष रामनाथ चौधरी ने डीपीओ, एमडीएम से शिकायत की थी कि प्रधान शिक्षक 80 फीसदी बच्चों की हाजिरी बनाते हैं, जबकि 50 फीसदी बच्चे ही मौजूद रहते हैं। इस तरह एमडीएम के चावल और राशि का घोटाला कर लिया जाता है। डीपीओ ने इसकी जांच कराई, तो निरीक्षण के दिन पाया गया कि एमडीएम पंजी में 333 बच्चों का जिक्र है, जबकि मौजूद थे मात्र 158 बच्चे। जांच रिपोर्ट के आलोक में डीपीओ ने 10 अक्तूबर 2023 को प्रधान शिक्षक से स्पष्टीकरण पूछा था, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

### प्रधान ने कोई जवाब नहीं दिया

*डीपीओ द्वारा 31 दिसंबर 2023 को भी प्रधान से जवाब मांगा गया। फिर भी उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। 25 जनवरी 2024 को डीईओ को खबर मिली कि प्रधान शिक्षक कोई जवाब नहीं दे रहे हैं, तो डीईओ ने प्रधान शिक्षक के वेतन पर रोक लगाने के साथ ही एमडीएम डीपीओ को खुद स्थलीय जांच करने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि अगर जांच में प्रधान शिक्षक सहयोग नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ शीघ्र प्राथमिकी दर्ज कराएं। डीपीओ ने जांच में पाया कि नामांकन 501 बच्चों की है, जबकि हाजिरी 316 की बनी है और उपस्थित मात्र 165 बच्चे थे। डीपीओ की मांग के बावजूद प्रधान शिक्षक द्वारा उन्हें एमडीएम का अभिलेख नहीं दिखाया गया था।*

### 31 मार्च को पूछा स्पष्टीकरण

*एमडीएम के डीपीओ ने एक बार 31 मार्च 24 को प्रधान से स्पष्टीकरण पूछा। साथ ही जवाब नहीं देने पर प्राथमिकी दर्ज कराने की चेतावनी दी, पर वो कोई जवाब नही दे सके। इसके बाद डीपीओ ने 10 अप्रैल 24 को परिहार बीईओ को प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया, जिसके आलोक में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आरोपों को लेकर प्रधान शिक्षक रामनाथ प्रसाद ने पहले कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। फिर बाद में कहा कि वार्ड सदस्य द्वारा शिकायत किया गया था। वह रंगदारी की मांग करता है। अब स्कूल में ऐसी बात नहीं है कि किसी को दिया जा सके।*